RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती
ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 76 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 07 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# ‘ना तुगलक ना औरंगजेब’, मुगलों की निशानी मिटेगी !

## भाजपा सांसदों ने नेमप्लेट पर बदल दिया तुगलक लेन का नाम





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में नाम बदलने की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। दिल्ली में मुगल शासकों के नाम पर बनी सड़कों के नाम बदलने पर काफी राजनीति हो रही है। शुक्रवार को भाजपा राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने तुगलक लेन पर स्थित अपने घर की नेमप्लेट में ‘स्वामी विवेकानंद मार्ग’ लिख दिया है, जिससे राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। हालांकि, अभी आधिकारिक रूप से सड़क का नाम नहीं बदला गया है।

सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि ‘नई दिल्ली स्थित नए आवास 6-स्वामी विवेकानंद मार्ग (तुगलक लेन) में सपरिवार विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन कर गृह प्रवेश किया’ उन्होंने इस पोस्ट के साथ गृह प्रवेश की कई फोटो भी शेयर की है। इन्हीं फोटो में उनके आवास के बाहर लगी नेम प्लेट पर ‘स्वामी विवेकानंद मार्ग’ लिखा दिख रहा है। जिसके बाद से यह मुद्दा चर्चा में आ गया।

### गुलामी की याद दिलाते हैं : केशव प्रसाद मौर्य



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने इस मुददे पर कहा कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का ये सही समय हैं। मार्गो का नामकरण हो, शहरों का नामकरण हो , चाहे ऐसे जिलों का नामकरण हो..जो गुलामी की पीड़ा को, मुगलों के आतंक को याद दिलाते हो।

### सनकी राजा था तुगलक : बृजेश पाठक



नई दिल्ली स्थित तुगलक मार्ग का नाम बदल कर विवेकानंनद मार्ग करने को लेकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहाकि देश दुनियां के लोग जानते हैं कि तुगलक को सनकी राजा कहा जाता हैं। दिल्ली के दौलताबाद का उदाहरण आज भी हम लोग देते हैं।



*गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.महेश शर्मा ने आज नोएडा के सेक्टर-91 स्थित बालक इंटर कॉलेज के सुगरक्रीट क्लासरूम का उद्घाटन किया तथा वहां उपस्थित विद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को संबोधित किया।*

## दिल्ली में IFS अधिकारी ने की आत्महत्या



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में चाणक्यपुरी में एक आईएफएस (भारतीय विदेश सेवा) अधिकारी ने इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी आत्महत्या करने का कारण नहीं पता चला है। पुलिस की जांच के बाद ही आईएफएस अधिकारी की मौत का कारण सामने आ सकेगा। फिलहाल पुलिस अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं।

वहीं, सुबह के समय जब आसपास के लोगों को इस घटना के बारे में जानकारी हुई तो तरह-तरह चर्चाएं शुरू हो गईं। कोई इस घटना को पारिवारिक कलह तो कोई दूसरे एंगल से जोड़ रहा है। हालांकि, घटना के पीछे का सच क्या है, यह अभी जांच का विषय है।

दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में एक अधिकारी के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. अधिकारी ने बिल्डिंग से कूदकर खुदकुशी कर ली।

कहा जा रहा है कि वह काफी दिनों से परेशान थे। अधिकारी का नाम जितेंद्र रावत बताया जा रहा है। उन्होंने आज सुबह छह बजे बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। कहा जा रहा है कि वह डिप्रेशन में थे और उनका इलाज चल रहा था।

वह चाणक्यपुरी में एमईए की रेसिडेंशियल सोसाइटी के फर्स्ट फ्लोर पर रहते थे। इस घटना के समय घर पर सिर्फ उनकी मां थीं. उनके परिवार में मां के अलावा पत्नी और दो बच्चे हैं जो देहरादून में रहते हैं।

## मोबाइल स्नेचरों से मुठभेड़ तीन बदमाशों को लगी गोली



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-126 पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश इलाके में मोबाइल स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देते थे। मुठभेड़ के दौरान तीनों बदमाशों को पुलिस की गोली लगी है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन की स्नैचिंग करते है। 25 फरवरी को इन बदमाशों ने सेक्टर-19 नोएडा स्थित बारात घर के पास से व्यक्ति से वनप्लस कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## चेन स्नेचर ने छुपाकर रखे तमंचे से पुलिस पर चलाई गोली



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** थाना मधुबन बापूधाम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए चेन स्नेचर से जब पुलिस लूटी गई चेन की बरामदगी करने गई तो चेन स्नैचर ने छुपाए हुए तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें चेन स्नेचर घायल हो गया उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने थाना क्षेत्र में 24 फरवरी को सेक्टर-23 में एक महिला से फार्म हाउस के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## छलेरा से लापता युवक का शव नाले में मिला

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-37 के पास दादरी रोड़, गोल्फ कोर्स के पीछे गन्दे नाले में एक युवक का शव के मिलने से सनसनी फैल गई। शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा था। सूचना मिलते पुलिस की टीम मौके पहुंची और शव को नाले से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं थे, लेकिन परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पायेगा।

थाना सेक्टर-39 स्थित सेक्टर 37 के पास दादरी रोड़ गोल्फ कोर्स के पीछे बहने वाले गंदे नाले में राहगीरों ने एक युवक का शव देखा। नाले में शव मिलने की खबर आग की तरह फैली और मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते पुलिस की टीम मौके पहुंच गई और शव को नाले से निकाला। पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्त उसके परिजनों ने विक्की सैनी पुत्र विक्रम सैनी निवासी छलैरा, सेक्टर-44, के रुप में की गयी है। मृतक के शव पर कोई चोट के निशान नही मिले है। विक्की बीते 5 फरवरी से लापता था। परिजनों का आरोप है किइस मामले में चौकी प्रभारी ने लापरवाही बरती और विक्की को ढूंढने में मदद नहीं की। परिजनों ने हत्या का शक जताते हुए कहा है कि जब तक हत्यारोपी गिरफ्तार नहीं होते विक्की का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

## दुनिया में सनातन का वैभव बढ़ा : योगी



**मथुरा( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दोपहर मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने बरसाना में रंगोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज दुनिया में सनातन का वैभव बढ़ा है। ब्रजभूमि श्रद्धा की भूमि है और होली पर बरसाना आना सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मथुरा में है। यहां उन्होंने बरसाना में रंगोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मथुरा पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राधा-रानी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद मुख्यमंत्री लड्डू मार होली में शामिल हुए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सेक्टर-82 के पॉकेट-7 के 50 मकानों में अवैध कब्जा !

### “जेई व सुपरवाइजर के संरक्षण में फल-फूल रहा अवैध उगाही का गोरखधंधा

### “शिकायत के बावजूद भी चुप्पी साधे हैं सीईओ व वर्क सर्किल-8 के अधिकारी

अरूण सिन्हा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों खासकर संबंधित वर्क सर्किल क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर व सुपरवाइजर की सांठगांठ से सैकड़ों लोग विभिन्न सेक्टरों में प्राधिकरण के अशियानों में अवैध रूप से रह रहे हैं। ऐसा ही ताजा मामला सेक्टर-82 में प्रकाश में आया है। सेक्टर-82 के पॉकेट-7 ईडब्ल्यूएस के कई मकान बने हैं। यहां पर तकरीबन 50 मकानों में लोग अवैध रूप से रहे कर चांदी काट रहे हैं। बताया जाता है कि स्थानीय जेई व सुपरवाइजर के संरक्षण में लोग प्राधिकरण के मकानों में रह रहे चांदी काट रहे हैं।

इलाके के लोग बताते हैं कि स्थानीय जेई व अन्य कर्मचारी यहां अवैध रूप से रहने वालों से बाकायदा हर माह किराया भी वसूलते हैं।

सेक्टर-82 पॉकेट-7 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेन्द्र दुबे ने कई बार इसकी




लिखित व मौखिक शिकायत नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-8 के प्रभारी तथा सीईओ से भी की है लेकिन आज तक इन अवैध लोगों से मकान खाली नहीं कराये गये।

जिन मकानों में अवैध रूप से लोग रहे हैं उनमें मकान नं0 2/7, 4/17, 6/16, 12/4, 13/6, 15/16, 16/4, 18/5, 19/14, 15/7, 19/20, 20/18, 20/21, 21/7, 21/9, 22/18, 23/16, 23/18, 29/18, 30/7, 23/18, 29/18, 30/7, 32/19, 35/7, 35/19, 36/17, 36/20, 37/15, 37/19, 38/17, 38/9, 41/16, 42/3 तथा 42/19 शामिल हैं।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेन्द्र दुबे ने बताया कि इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वर्क सर्किल आठ के वरिष्ठ प्रबंधक को पत्र दे चुके हैं और लगातार संपर्क के बाद भी आश्चर्य है कि कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस बात को लगभग एक वर्ष होने वाला है। प्राधिकरण के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से कई फ्लैटों में अवैध लोगों को रखकर किराया वसूला जा रहा है तो कुछ फ्लैटों में उनके रिश्तेदार रह रहे हैं। 20 जून से 22 जून के बीच पॉकेट के सात घरों में ताला तोड़कर चोरियां हुई थी इसके बावजूद भी प्राधिकरण के अधिकारियों से लगातार कहने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। हर बार कहा गया कि सर्वे करवा रहे हैं जबकि जिन फ्लैटों पर अवैध कब्जा है उनकी सूची प्राधिकरण अधिकारियों को दे दी गई थी। अवैध रूप से रह रहे लोगों को तुरंत निकाला जाए जिससे सुरक्षा को कोई खतरा ना हो। अगर कोई घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण अधिकारियों की होगी।इन फ्लैटों में अवैध बिजली कनेक्शन के साथ ही अवैध पानी कनेक्शन भी हैं। इस मामले की जांच हो और दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो अवैध वसूली के धंधे में लगे हैं।

### क्या कहते हैं वर्क सर्किल-8 के प्रभारी

वर्क सर्किल-8 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक अनिल कुमार से जब इस बावत पूछा गया तो उनका कहना था कि वे मामले की जांच करवाकर विधिसम्वत कार्रवाई करेंगे। यदि लोग अवैध रूप से रहते पाये गये तो कड़ी कार्रवाही होगी।

# किसानों पर सख्ती

भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुए आंदोलन से उपजे हालात पर आम लोग कहते रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण रखने वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की सख्ती के चलते अशांत नजर आता है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत कहा जाता था, अब खुद को प्रमुख हितधारकों- किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि कहां कमी रही कि कृषि क्षेत्र अशांत बना हुआ है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि मुख्यमंत्री मान ने किसानों की बैठक में से नाटकीय ढंग से वॉकआउट करके अपनी हताशा को ही जाहिर किया है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री का कहना है कि पंजाब में किसान संगठनों में आंदोलन करने की होड़ मची है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि पंजाब धरनों का राज्य बनता जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार जंग लड़ रही है। सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिये तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों सहित पंद्रह राजस्व अधिकारियों को निलंबित किया है। साथ ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन न करने वाले कई अन्य अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसके विरोध में राजस्व अधिकारियों ने तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त की। जिसके प्रत्युत्तर में राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने का विकल्प चुना। जिसके चलते प्रशासनिक काम बुरी तरह प्रभावित हुआ। हालांकि, बुधवार शाम उन्होंने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि भले ही सरकार सख्त रवैया अपनाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के जरिये अपनी ताकत दिखा सकती है, लेकिन प्रणालीगत भ्रष्टाचार और नौकरशाही की नाराजगी की गहरी गुत्थी अभी भी अनसुलझी है। सवाल उठाया जा रहा है कि सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है? वहीं प्रशासन का तर्क है कि लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शन से बड़े निवेशक पंजाब में निवेश करने से कतरा रहे हैं। जिससे राज्य का आर्थिक विकास बाधित हो सकता है। लेकिन सवाल यह भी कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है? जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता दर्शायी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और गहरा होता है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन की रीति-नीतियों पर भी सवाल उठाता है जो आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोता प्रतीत हो रहा है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

# मोटापे से जाता है देश में भुखमरी-कुपोषण को रोकने का रास्ता

भारत विडम्बनाओं से भरा देश है। इन्हीं में से एक है मोटापा और भुखमरी। इनमें एक जुड़ाव भी है। एक तरफ अनावश्यक और अत्यधिक खाने से बढने वाला मोटापे से होने वाली बीमारियां राष्ट्रव्यापी समस्या बनती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ आबादी का एक बड़े हिस्सा दो वक्त का भरपेट भोजन नसीब नहीं होने से कुपोषित होकर रोगग्रस्त हो रहा है। यदि मोटापा खत्म या नियंत्रित हो जाए तो इससे भुखमरी व कुपोषण के लिए धन की कमी पूरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 119वी श्रृंखला में देश में बढ़ती मोटापे की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं और भारत में मोटापे की व्यापकता पर ध्यान देने की तत्काल आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर छोटे-छोटे प्रयासों से इस चुनौती से निपट सकते हैं। जैसे एक तरीका है कि खाने के तेल में 10 पर्सेंट की कमी करना। भोजन में खाद्य तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री ने देश के दस प्रसिद्ध लोगों को नॉमिनेट किया। मोटापा सिर्फ सेहत का मसला नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। एक नई स्टडी के अनुसार, भारत में मोटापे का आर्थिक बोझ 2030 तक बढ़कर 6.7 लाख करोड़ रुपये प्रति वर्ष हो जाएगा। यह लगभग 4,700 रुपये प्रति व्यक्ति होगा, जोकि जीडीपी का 1.57 फीसदी है। ग्लोबल ओबेसिटी ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, 2019 में मोटापे का आर्थिक प्रभाव 2.4 लाख करोड़ रुपये था। यह लगभग 1,800 रुपये प्रति व्यक्ति और जीडीपी का 1.02 फीसदी था। 2060 तक यह आंकड़ा बढ़कर 69.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जो प्रति व्यक्ति 44,200 रुपये और जीडीपी का 2.5 फीसदी होगा। यह स्टडी बताती है कि मोटापा सिर्फ एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा है।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं में क्रमशः 44 प्रतिशत और 41 प्रतिशत लोग अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। पिछले सर्वेक्षण में यह आंकड़ा क्रमशः 37.7 फीसदी और 36 फीसदी था। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व मोटापा महासंघ ने कहा कि भारत में दुनिया में मोटे व्यक्तियों का तीसरा सबसे बड़ा प्रतिशत है। किसी व्यक्ति को तब मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है जब उसका बीएमआई 27.5 से अधिक हो। पिछले 10 वर्षों में, भारत की मोटापे की दर लगभग तीन गुनी हो गई है, जिसका असर देश की शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी पर पड़ रहा है। मोटापे का वैश्विक संकट सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में मोटापे की दर अधिक है, जो देश के तेज़ आर्थिक विस्तार और बदलती जीवन शैली मानकों के साथ मेल खाता है। भारत में 100 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से जूझ रहे हैं।



**नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं में क्रमशः 44 प्रतिशत और 41 प्रतिशत लोग अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। पिछले सर्वेक्षण में यह आंकड़ा क्रमशः 37.7 फीसदी और 36 फीसदी था।**

भारत में 12 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाएं पेट के मोटापे से ग्रस्त हैं। केरल (65.4 प्रतिशत), तमिलनाडु (57.9 प्रतिशत), पंजाब (62.5 प्रतिशत) और दिल्ली (59 प्रतिशत) में यह दर बहुत ज़्यादा है।

मध्य प्रदेश (24.9 प्रतिशत) और झारखंड (23.9 प्रतिशत) में यह दर कम है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में पहले से ही 14.4 मिलियन बच्चे मोटे हैं। भारत में बचपन में मोटापे के प्राथमिक कारणों में खराब आहार विकल्प, निष्क्रियता और एक गतिहीन जीवन शैली शामिल है। प्रोसेस्ड स्नैक्स और फास्ट फूड की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बच्चे उच्च कैलोरी, कम पोषक तत्व वाले आहार खा रहे हैं, जिससे वजन बढ़ता है और मोटापा होता है। बचपन में मोटापे के परिणाम व्यापक हैं और लंबे समय में बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मोटे बच्चों को टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और सांस लेने में कठिनाई जैसी दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं होने का उच्च जोखिम होता है। इसके अतिरिक्त, उन्हें निराशा और खराब आत्मसम्मान सहित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव होने की अधिक संभावना है, जो उनके सामान्य स्वास्थ्य को खराब कर सकता है। विडम्बना यह है कि देश मोटापे से होने वाली चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं कुपोषण की समस्या से भी जूझ रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में 127 देशों में भारत का स्थान 105वां है। हालांकि पिछले सालों की तुलना में इस साल भारत की रैंक में सुधार हुआ है। लेकिन भारत अभी भी गंभीर भूख की समस्याओं वाले देशों में शामिल है। 2024 की रिपोर्ट में भारत का स्कोर 27.3 है जो भुखमरी के एक गंभीर स्तर को दर्शाता है।

रिपोर्ट में हाल के वर्षों में भारत में कुपोषण के प्रसार में मामूली वृद्धि का उल्लेख किया गया है। भारत की रैंकिंग अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से पीछे हैं, जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से केवल ऊपर है। श्रीलंका 56, नेपाल 68 और बांग्लादेश 84वें स्थान पर भारत से काफी आगे हैं। भारत में कुपोषण की जो स्थिति है वो किसी से छिपी नहीं है। यहां बहुतों को तो पेट भर खाना भी नहीं मिलता और जिनको मिल भी रहा है उनके भोजन में पोषण की भारी कमी है। इसका खामियाजा नन्हें बच्चों को उठाना पड़ रहा है। भारत को अभी भी बाल कुपोषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें विश्व स्तर पर बच्चों में दुबलापन (18.7 प्रतिशत) सबसे अधिक है। देश में बच्चों के बौनेपन की दर 35.5 प्रतिशत, पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 2.9 प्रतिशत और कुपोषण का प्रसार 13.7 प्रतिशत है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट में भारत में पोषण की स्थिति गंभीर बताई गई है। रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक देश में पांच वर्ष से कम उम्र के 31.7 फीसदी बच्चे स्टंटिंग का शिकार हैं। मतलब की यह बच्चे अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने हैं। यह रिपोर्ट लेवल्स एंड ट्रेंड इन चाइल्ड मालन्यूट्रिशन 2023 संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और वर्ल्ड बैंक द्वारा संयुक्त रूप से जारी की गई थी। बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा की गई इस रिसर्च के मुताबिक भारतीय किशोर, नीदरलैंड के समान आयु वर्ग के बच्चों की तुलना में 15.2 सेमी ठिगने हैं। इसी तरह यदि वेस्टिंग यानी ऊंचाई के लिहाज से वजन को देखें तो देश में भारत में पांच वर्ष या उससे कम आयु के 18.7 फीसदी बच्चों का वजन उनकी ऊंचाई के हिसाब से कम था। मतलब की 2020 में इस आयु वर्ग के देश के करीब 2.2 करोड़ बच्चे वेस्टिंग का शिकार थे।

मोटापे की समस्या से निपटना बहुत मुश्किल काम नहीं है। जीवनशैली और खानपान में बदलाव के साथ नियमित व्यायाम इत्यादि से इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। यह समस्या व्यक्तिगत है, इसलिए देश के हर व्यक्ति की निजी जिम्मेदारी है कि वह अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखे। ऐसा करने से व्यक्ति और उसके परिवार के साथ देश का भी नुकसान नहीं होगा। असल चुनौती तो कुपोषण और भुखमरी की भयावहता से निपटने की है। यह समस्या मोटापे की तरह व्यक्तिगत नहीं है। इसके लिए मौजूदा और पिछली केंद्र की सरकारों के साथ राज्यों की सरकारें भी जिम्मेदार हैं। इस समस्या से निपटने के लिए धन और भ्रष्टाचार रहित पारदर्शी नीति की आवश्यकता है। विशेषकर मोटापे से होने वाले आर्थिक नुकसान को रोक कर कुपोषण और भुखमरी जैसी अमानवीय समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। राजनीतिक दल जब तक अपने निहित क्षुद्र स्वार्थों को छोड़ कर ऐसे राष्ट्रीय मुद्दों पर एकराय नहीं होंगे तब तक इस तरह की समस्याएं देश की विडम्बनाओं को उजागर करने के साथ ही देश की तरक्की के कथित पैमानों को मुंह चिढ़ाती रहेंगी।

**- योगेन्द्र योगी**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि रमानिवास भगवान उठकर बड़े आनंद से उनसे मिले और ऋषि (नारदजी) के साथ आसन पर बैठ गए। चराचर के स्वामी भगवान हँसकर बोले- हे मुनि! आज आपने बहुत दिनों पर दया की॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**काम चरित नारद सब भाषे। जद्यपि प्रथम बरजि सिवँ राखे॥**
**अति प्रचंड रघुपति कै माया। जेहि न मोह अस को जग जाया॥**

यद्यपि श्री शिवजी ने उन्हें पहले से ही बरज रखा था, तो भी नारदजी ने कामदेव का सारा चरित्र भगवान को कह सुनाया। श्री रघुनाथजी की माया बड़ी ही प्रबल है। जगत में ऐसा कौन जन्मा है, जिसे वे मोहित न कर दें॥

**दो0-रूख बदन करि बचन मृदु बोले श्रीभगवान।**
**तुम्हरे सुमिरन तें मिटहिं मोह मार मद मान॥**

भगवान रूखा मुँह करके कोमल वचन बोले- हे मुनिराज! आपका स्मरण करने से दूसरों के मोह, काम, मद और अभिमान मिट जाते हैं (फिर आपके लिए तो कहना ही क्या है!)॥

**सुनु मुनि मोह होइ मन ताकें। ग्यान बिराग हृदय नहिं जाकें॥**
**ब्रह्मचरज ब्रत रत मतिधीरा। तुम्हहि कि करइ मनोभव पीरा॥**

हे मुनि! सुनिए, मोह तो उसके मन में होता है, जिसके हृदय में ज्ञान-वैराग्य नहीं है। आप तो ब्रह्मचर्यव्रत में तत्पर और बड़े धीर बुद्धि हैं। भला, कहीं आपको भी कामदेव सता सकता है?॥

(क्रमशः...)

# बदलते मौसम के मसीहा

हमसे बार-बार पूछा जाता है कि कतार में खड़े इस देश के आखिरी आदमी के चेहरे से मुस्कान क्यों लुप्त हो गई है? अजी यहां कतार एक हो तो उसकी बात करें। यहां तो कतार-दर-कतार है। जिधर आंख उठाओ वहां कतारें खड़ी नजर आती हैं, और उनके अंत में लोगों के झुंड हैं, केवल एक आदमी नहीं, जो अपने अच्छे दिनों या जीवनोदय का इंतजार कर रहा है। अंत्योदय के नाम से उसे इसी कतार में खड़ा किया गया था न। सोचा था एक कतार होगी, आगे सरकती-सरकती कभी खत्म हो जाएगी। लेकिन यहां तो हर क्षेत्र में कतार-दर-कतार लगती गई। महात्माओं ने जहां भी युग बदलने का वायदा किया, वहां कतार लगती गई और अगले दिन बदलने का इंतजार करने लगी। लेकिन रुत पर रुत बदलती गई। दिन, महीने और महीने साल हो गए, यह कतार आगे नहीं सरकी, बरसों से वहीं खड़ी रही। अब तो क्रांति का सपना देखने वाली आंखें बेनूर होती नजर आ रही हैं। देश तरक्की करेगा, योजनाबद्ध आर्थिक विकास के रास्ते पर सरपट भागेगा। लेकिन बारह पंचवर्षीय योजनाओं का कितना लंबा रास्ता था, कि उसे अपने कंधों पर ढोते-ढोते योजना आयोग का कचूमर निकल गया। उसे सफेद हाथी कह कर नकार दिया गया। जबकि सफेद हाथी तो इसके नियामक और प्रचालक थे, जो अपने-अपने वातानुकूलित गवाक्षों से 'जंग का मुजरा' देखने के नाम पर इसकी प्रगति के आंकड़ों का मुजरा देखते रहे। कभी समाजवादी व्यवस्था पैदा करने के नाम पर यह क्रांति यात्रा शुरू हुई थी। रास्ता इतना लंबा था कि नौकरशाहों और सत्ता के दलालों ने इसे खत्म होने नहीं दिया।



प्रगति का हर मील पत्थर, भ्रष्टाचारियों की लोभलिप्सा का हाजमा दुरुस्त करता रहा, और अब सत्तर बरस के बाद उपलब्धियों के मूल्यांकन के लिए मील के पत्थरों को गिनने का फैसला हुआ, तो पाया कि मील के पत्थर नदारद हो गए थे, फसल सुरक्षित रखने के लिए जो बाढ़ लगी थी, वही फसल को खा गई। आम आदमी हर कतार से दुत्कार दिए जाने के बाद फुटपाथ पर आ गया था। कहां तो हर घर को चिराग देने की बात थी, और अब तो गरीब शहरों की अंधेरी बस्तियों को एक चिराग भी नहीं मिला।

कतारें टूटती बनती रही, लेकिन एक ही जगह रुकी रहीं। कामदारों को धकेल कर उभर आए उनकी जगह कुछ नामदार, जिन्होंने गर्व से बताया कि हम जहां खड़े हो जाते हैं, तो वहां से ही कतार शुरू होती है। हमने इन कतारों के सरगना महापुरुषों की झोली में देश की प्रगति के मील पत्थर तलाशने चाहे, लेकिन वहां भी भव्य अट्टालिकाएं और कुछ वातानुकूलित गाडियां। कुछ दावे थे और कुछ घोषणाएं, लेकिन ये दावे और घोषणाएं पौन सदी के अंधेरे में गुम हो गई। उस भारी भीड़ के चेहरे पर खोई हुई मुस्कान लौटा नहीं पाई। सफेद हाथी उनके अस्तबल में गुम हो गया और उसकी जगह उन्हें मिल गया नीति आयोग। इसने कतार से गुम हो गए लोगों से पूछा, क्या यह किसी पुराने साइनबोर्ड पर लिखी नई इबारत है? बताया गया, नहीं ऐसा नहीं है। लिपापुता रंग-बिरंगा यह तो नया साइन बोर्ड है, केवल एक साइन बोर्ड। इसके द्वारा निर्देशित होने वाला रास्ता अभी बनाया जाएगा। यह रास्ता आपको सर्वकल्याण की ओर कैसे ले जाएगा, इसका फैसला अभी किया जाएगा। योजनाबद्ध आर्थिक विकास से आपका कायाकल्प करने की योजनावधि क्या होगी, इस पर फैसला भी अभी होना है। फिलहाल आप समाज बदल जाने, युग पलट जाने का सपना देखिए। समाज बदल जाने और गरीब-अमीर का भेद मिट जाने का सपना तो हम बहुत दिन से देख ही रहे थे। अब तो हमारे फुटपाथों पर भी उनकी भव्य अट्टालिकाएं छाया नहीं करती। उनकी नींव के पास कोई पगला राजू अपनी डफली बजाकर गाता हुआ दिखाई नहीं देता, 'दिल का हाल सुने दिलवाला।'

**-सुरेश सेठ**

# राशिफल

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
कौटुंबिक सुख मिलेगा। वाणी नियंत्रित रहेगी। शुभता बनी रहेगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शुभ संस्कार में शामिल होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
राजनीतिक लाभ मिलेगा। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद। व्यावसायिक सफलता। पिता का साथ।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
यात्रा का योग बनेगा और यात्रा लाभदायक होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोई रिस्क न लें। थोड़ा बचकर पार करिए। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। चली आ रही परेशानी दूर होगी। शादी-ब्याह तय हो सकती है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
गुण-ज्ञान की प्राप्ति। बुजुर्गों का आशीर्वाद।स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
लिखने-पढ़ने के लिए अच्छा समय। प्रेम के लिए अच्छा समय, संतान के लिए अच्छा समय।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मीन राशि की स्थिति अच्छी होगी। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

# मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारियों का दादरी विधायक ने किया निरीक्षण

**दादरी ( चेतना मंच )।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आगामी 8 मार्च को, दादरी में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक जनसभा की तैयारियों को लेकर दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुचारू रूप से पूरे किए जाएं।

मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक अवसर का साबनने के लिए उत्सुक हैं। इस भव्य जनसभा के माध्यम से मुख्यमंत्री प्रदेश में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी जनता के बीच साझा करेंगे।



क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र शिशोदिया के साथ बिसहाड़ा और पाटड़ी,सलारपुर कलौंदा गांव में जनसंपर्क कर जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई। इस दौरान स्थानीय नागरिकों को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीर राणा, जिला पंचायत सदस्य मनोज शिशोदिया, एचके शर्मा, संजय राणा, रिंकू प्रधान, नरेंद्र प्रधान आदि लोग मौजूद थे।

# जनसभा स्थल का किया दौरा



**दादरी ( चेतना मंच )।** भाजपा नेताओं ने कल दादरी क्षेत्र के एनटीपीसी गेट पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के अनावरण एवं जनसभा कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया एवं विधायक मास्टर तेजपाल नागर, जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था संबंधी बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

इसके साथ ही बिसाहड़ा, पाटड़ी, कतारपुर, खगोड़ा, रसूलपुर आदि गाँवों में योगी की जनसभा हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का निवेदन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक तेजपाल नागर, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, योगेश चौधरी, धर्मेंद्र कोरी, मनोज गर्ग, अभिषेक शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, धीर राणा, मनीष भाटी सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कामायनी फाउंडेशन की सराहनीय पहल

## शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विवाह हेतु गरीब परिवारों को मिल रही आर्थिक सहायता




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कामायनी फाउंडेशन, ग्रेटर नोएडा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विवाह के लिए गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन ने बताया कि संस्था द्वारा ग्रेटर नोएडा के कासना क्षेत्र में रह रहे एक जरूरतमंद परिवार की पुत्री के विवाह हेतु 1,51,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

सेन ने कहा कि कामायनी फाउंडेशन आगे भी इसी तरह जरूरतमंद परिवारों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विवाह हेतु आर्थिक सहायता करता रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि फाउंडेशन समय-समय पर जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री, कंबल वितरण एवं अन्य सहायता उपलब्ध कराता रहेगा।

इस अवसर पर कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट कविता नागर, सदस्य भारती उपाध्याय, कमल चावड़ा, अनिरुद्ध त्यागी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री की जनसभा कल कार्यक्रम में पहुंचने की अपील



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नवीन भाटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दादरी स्थित एनटीपीसी के महाराणा प्रताप स्टेडियम में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनमानस से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह जनसभा ऐतिहासिक होगी और भाजपा कार्यकर्ता इसे सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत से जुटे हुए हैं।

नवीन भाटी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के विचारों को सुनने और सरकार की नीतियों को समझने के लिए कल की जनसभा में शामिल होगा।

# क्षेत्रीय सांसद को सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एनएमओपीएस अटेवा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत पुरानी पेंशन मंच अटेवा गौतमबुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों व कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नोएडा लोकसभा सांसद डॉ. महेश शर्मा को सौंपा।

इस दौरान सांसद महोदय से प्रधानमंत्री को पत्र लिखने का आग्रह किया गया तथा संसद में पुरानी पेंशन के मुद्दे पर चर्चा करने और इसे आगामी चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की गई। सांसद महोदय ने इस विषय पर पूरा आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री जगबीर भाटी, जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार, जिला संगठन मंत्री भूदेव सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती नौरंगी सिंह, जिला संयुक्त मंत्री आशीष श्रीवास्तव, दादरी ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष रोहतास कुमार, दनकौर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भाटी, बिसरख ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, छत्रपाल सिंह, टीटू सिंह, जगदीश चंद्र सहित अन्य कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री की जनसभा : प्रणीत भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी के एनटीपीसी के महाराणा प्रताप स्टेडियम में होने वाली उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा ऐतिहासिक होगी। इसके लेकर पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पूरी ताकत से लगे हुए हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी ने एक बातचीत के दौरान कही है।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल एनटीपीसी स्थित महाराणा प्रताप स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करेंगे इसको लेकर पार्टी एवं अधिकारियों ने तैयारी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।



पूर्व जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री की जनसभा की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं उन्होंने यह भी बताया कि इस जनसभा में हापुड़ गाजियाबाद एवं गौतम बुद्ध नगर जिले के लोग शामिल होंगे।

# किसान एकता संघ ने धूमधाम से मनाया 7वाँ स्थापना दिवस

**दनकौर ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय किसानों के साथ मिलकर कैम्प कार्यालय दनकौर पर एकत्रित होकर बड़ी धूमधाम से 7वाँ स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केसर ठेकेदार ने की और संचालन प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि आज संगठन के 7वें स्थापना दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र,मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, हरियाणा, आदि राज्यों से कार्यकर्ता पदाधिकारी एकत्रित हुए और अपने अपने राज्यों में चल रही किसानों की समस्याओं पर अपना वक्तव्य रखा।

बताया कि वर्तमान केन्द्र सरकार किसानों की समस्याओं पर गंभीर नहीं है। पिछले 100 दिनों से पंजाब के किसान डललेवाल दिल्ली के बार्डर पर भूख हड़ताल पर है। लेकिन केन्द्र सरकार बिल्कुल भी किसानों के मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है।



गौतमबुद्ध नगर के किसानों की आबादी, बैकलीज, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर, 10 प्रतिशत विकसित भूखण्ड, 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने आदि समस्याओं का समाधान प्राधिकरणों द्वारा नहीं किया जा रहा है। प्रशासन के बल पर गौतम बुद्ध नगर के आन्दोलन को कुचलने का काम सरकार कर रही है। किसानों ने एकजुट होकर किसान संघर्ष मोर्चा का गठन किया। समस्याओं के समाधान में देरी किए जाने की वजह से 8 मार्च को कलेक्ट्रेट का घेराव करने का काम करेंगे । इस मौके पर रूपेश वर्मा, सतीश कनारसी,प्रमोद शर्मा, वीरसिंह, प्रिंस शर्मा, वनीश प्रधान , विक्रम नागर, सुनीता ऐरने, तात्या मते, मालती मूले, जगदीश शर्मा, कृष्ण बैंसला, शौकत चैची, अखिलेश प्रधान, कमल यादव, मनीष नागर, मनीष नागर, अरुण खटाना, दुर्गेश शर्मा, रेखा चौधरी, प्रवीण चौधरी, उमर प्रधान,तन नागर, उम्मेद एडवोकेट, सुमित एडवोकेट, जयप्रकाश नागर, जितेन्द्र श्योरान, जग्गा अधाना, सोनिया विज, रॉबिन चौधरी, आदि हजारों कार्यकर्ता व क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**
**NER-LJN-2025-14**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:– **क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2025-14, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे–लं. ज.-डिवीजन:-लखनऊ मंडल व.म.ई./ III के कार्य क्षेत्र में मल्हौर–डालीगंज के मध्य दोहरीकरण परियोजना के तहत सी.से.ई. /कार्य/बादशाहनगर के सेक्शन में बचे हुये विविध कार्यो का निष्पादन (सिविल कार्य) अनुमानित लागत (₹): 4,78,21,472.33, अग्रिम धन(₹): 3,89,100/-, समापन अवधि: 12 माह।

**(1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-14 के लिये ई-निविदा दिनांक 26-03-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।


**(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू-434

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## चौ0 जयपाल सिंह के निधन पर जताया दुःख

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** वरिष्ठ समाजसेवी सुखबीर सिंह आर्य के बड़े भाई चौधरी जयपाल सिंह आर्य का कल 80 वर्ष आयु में निधन हो गया तिलपता गांव निवासी चौधरी जयपाल सिंह काफी समय से बीमार चल रहे थे उनके निधन की खबर बकर समाज के लोगों ने दुःख व्यक्त किया है।



# श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव की तैयारी तेज





**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री श्याम सेवक परिवार नोएडा द्वारा कल छठा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन ग्रेटर नोएडा वेस्ट के दा वेडिंग डॉट पर किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल विकास जैन ने बताया कि सात मार्च को नोएडा ग्रेटर नोएडा में बाबा का भव्य फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूरे देश से विश्व विख्यात भजन कलाकार शीतल पाण्डेय, मध्य प्रदेश से अधिष्ठा अनुष्का और दिल्ली से साहिल सावरा अपने भजनों की प्रस्तुति देंगें। बाबा के भव्य दरबार को रिज़र्व बैंक की थीम पर सजाया जाएगा और कमल के फूल में बाबा को संजोया जाएगा। कलकत्ता का सिंगार, 56 भोग, बाबा का निशान यात्रा और फूलों की होली सभी को मोहित कर देगी। बाबा के सेवक अमित गोयल ने बताया कि आज परिवार के 51 नंबर ओने मेहंदी लगाकर इस शुभ कार्य की शुरुआत की। अपने परिवार के सदस्य सचिन गोयल ने बताया कि आज कलकत्ता के कारीगरों ने अपना बाबा का जो सजाने का कार्य हैं वो शुरू कर दिया है और जो 24 घंटे लगे रह कर इस कार्य को पूरा करेंगे । विश्व विख्यात तिवारी बैंड द्वारा बाबा की यात्रा में रंग जमाया जाएगा। आतिशबाजियों द्वारा माहौल को रंगीन बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा व विधायक पंकज सिंह महिला आयोग की अध्यक्षा विमला बाथम जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने जीएसटी कमिश्नर चाँदनी सिंह DCP राम बदन सिंह ने वह अन्य शहर के हज़ारों गणमान्य व्यक्ति सम्मलित होंगे।

# डंपिंग ग्राउंड की आग व धुएं से लाखों लोग प्रभावित

## तुरंत संज्ञान लें प्रशासन, वर्ना सीएम से करेंगे शिकायत : एन पी सिंह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सिटी सेंटर सेक्टर–32 मे आग लगने से नोएडा के लगभग 10 सेक्टरों में जनता को साँस लेने बहुत मुश्किल हो रही है सारे क्षेत्र मे धुंआ फैला हुआ है लोग बहुत परेशान है।

नोएडा प्राधिकरण व एनजीटी से अनुरोध है जनहित मे कार्य करे ताकि लोगों को राहत मिल सके या लोग अपने घरों में बंद है या घर छोड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर जा रहे है कृपया संज्ञान ले और कार्यवाही करें।

डीडीआडब्ल्यूए के अध्यक्ष डॉ. एन पी सिंह ने मांग की है कि जनहित में तुरंत आग को बुझाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समाधान नहीं हुआ तो वे सीएम योगी आदित्यनाथ से शिकायत करेंगे। उन्हांने बतायाकि आग व धुएं के कारण 10 सेक्टरों तथा गांव के लोग प्रभावित है। इसके तहत सेक्टर–33, 34, 35, 39, 40, 51 तथा गांव मोरना आदि इलाकों के लोगों को सांसद लेने में दिक्कत हो रही है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी–9, सेक्टर–3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए–131 सेक्टर–83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक–रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### सेवा क्षेत्र 26 महीने के निचले स्तर से उबरा

**नई दिल्ली।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से नए ऑर्डर मिलने से देश का सेवा क्षेत्र फरवरी, 2025 में 26 महीने के निचले स्तर से उबर गया। उत्पादन में तेज विस्तार और रोजगार में पर्याप्त वृद्धि से सेवा क्षेत्र की गतिविधियां बढ़कर 59 पहुंच गईं। एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई व्यापार गतिविधि सूचकांक जनवरी में 26 महीने के निचले स्तर 56 .5 तक आ गया था। एचएसबीसी की एक मुख्य भारत अर्थशास्त्री ने कहा, छह महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ी वैश्विक मांग ने भारत के सेवा क्षेत्र के लिए उत्पादन की रफ्तार को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई। सेवा क्षेत्र की कंपनियों को अफ्रीका, एशिया, यूरोप, अमेरिका और मध्य एशिया से अधिक ऑर्डर मिले। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने बढ़ते नए कारोबार को संभालने और क्षमता दबाव को कम करने के लिए भर्ती अभियान जारी रखा। रोजगार में दिसंबर, 2005 के बाद से यानी 20 साल में सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली।

### बंधन म्युचुअल फंड ने डेट इंडेक्स फंड लांच किया

**मुंबई।** बंधन म्युचुअल फंड ने एक नया फंड लॉन्च किया है, जिसका नाम है बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 3-6 मंथ डेट इंडेक्स फंड यह फंड एक ओपन-एंडेड कॉन्स्टेंट मेच्योरिटी इंडेक्स फंड है और निवेशकों को एक स्ट्रक्चर्ड शॉर्ट टर्म फिक्स्ड-इनकम निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस एनएफओ में निवेशक 1,000 रुपए से निवेश कर सकते हैं और एक रुपये के मल्टिपल में निवेश जारी रख सकते हैं। मिनिमम 100 रुपए की एसआइपी से भी निवेश की शुरूआत की जा सकती है। इस स्कीम में कोई लॉक-इन पीरियड नहीं है और न ही कोई एग्जिट लोड है। फंड हाउस के मुताबिक, इस एनएफओ का उद्देश्य निवेशकों को हासिल करने के लिए पैसिव इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी को अपनाने में मदद करना है।

### टेस्ला इंक मुंबई में खोलेगा पहला शोरूम

**मुंबई।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला इंक ने भारत में अपना पहला शोरूम मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में लीज पर लिया है। इस डील के अनुसार, 881 प्रति वर्ग फुट के रिकॉर्ड किराये पर लीज हुआ, जिसे अब तक का सबसे महंगा माना जा रहा है। टेस्ला ने 2.11 करोड़ रुपए का सिक्योरिटी डिपॉजिट जमा करवाया है और हर महीने 35 .26 लाख रुपए किराया देना होगा, जिसमें सालाना 5 फीसदी बढ़ोतरी होगी। इस लीज एग्रीमेंट में 5 साल का दीर्घकालिक कार्यकाल भी है। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग को देखते हुए, टेस्ला भारतीय बाजार में एंट्री करने की योजना बना रहा है। ईस्टर्न हरायाणा स्थित गाँधीधाम मंदिर में नवद्वारका वंदना यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### एयर इंडिया ने इंस्ट्रक्टर पायलट को निकाला

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने अपने एक इंस्ट्रक्टर पायलट को नौकरी से निकाल दिया है। साथ ही इंस्ट्रक्टर पायलट से ट्रेनिंग लेने वाले 10 अन्य पायलट को भी ड्यूटी से हटा दिया है। एयर इंडिया ने विमानन नियामक डीजीसीए को इस मामले की सूचना दी है। दरअसल एयर इंडिया ने यह कार्रवाई व्हिसलब्लोअर की तरफ से लगाए गए आरोपों के बाद की है। कंपनी ने कहा कि एयर इंडिया के निजीकरण के तुरंत बाद, एयरलाइन कंपनी ने व्यवहार संबंधी अपेक्षाएं तय करने और वर्क कल्चर में परिवर्तन लाने के लिए आचार संहिता को लागू किया. इसमें सभी कर्मचारियों को टाटा के सिद्धांतों और नैतिकता संबंधी नीतियों, जैसे रिश्वत विरोधी, भ्रष्टाचार विरोधी और मुखबिरी आदि पर व्यापक प्रशिक्षण देना शामिल था। हाल ही में एक मुखिबर ने आरोप लगाया था कि एक सिम्युलेटर ट्रेनर पायलट पायलटों के लिए फ्रिक्वेंसी सिम्युलेटर ट्रेनिंग के दौरान अपने कर्तव्यों को ठीक से निभाने में असफल रहा। इस मामले में एक लंबी जांच चली और साक्ष्य की समीक्षा के बाद, इस आरोप की पुष्टि हुई।

### लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ शेयर बाजार बंद, बड़ी गिरावट के बाद संभले सेंसेक्स और निफ्टी

# निवेशकों को 4.43 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मजबूत ग्लोबल संकेत, कच्चे तेल की कीमत में गिरावट और डॉलर इंडेक्स में आई कमजोरी के कारण घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि, बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक थोड़ी ही देर में बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में पहुंच गए। पहले आधे घंटे के कारोबार के दौरान आई इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिससे शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत और निफ्टी 0.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, इंफ्रास्ट्रक्चर और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस, मेटल, एफएमसीजी, एनर्जी, बैंकिंग, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद बढ़ कर 397.47 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 393.04 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 4.43 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,103 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 3,006 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 990 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 107 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,661 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,114 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 547 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ और 5 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 578.07 अंक की मजबूती के साथ 74,308.30 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 892.62 अंक टूट कर 314.55 अंक की कमजोरी के साथ 73,415.68 अंक तक पहुंच गया। इस जोरदार गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 975.12 अंक की छलांग लगा कर 660.57 अंक की मजबूती के साथ 74,390.80 अंक तक पहुंचने में सफल रहा।



## गारंटीड इनकम वाला प्रोडक्ट है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

एजेंसी

**मुंबई।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट' पेश किया है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को लंबी अवधि की बचत प्रदान करने के साथ ही तुरंत आय की गारंटी भी देता है, जिससे उन्हें आर्थिक लिक्विडिटी मिलती है। इस प्रोडक्ट में कई विकल्प हैं, जैसे ग्राहक तय कर सकते हैं कि गारंटीड इनकम कब शुरू होगी, कितने समय तक मिलेगी और मैच्योरिटी पर कितना पैसा मिलेगा। इसके साथ ही, इसमें लाइफ कवर भी शामिल है, जो परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बढ़ती हुई आय का विकल्प इस प्रोडक्ट की खासियत है। इसमें हर साल 5% की कंपाउंडिंग दर से इनकम बढ़ती है, जिससे महंगाई से निपटने में मदद मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पालटा ने कहा, हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। यह अनोखा प्रोडक्ट ग्राहकों को गारंटीड इनकम का लाभ देता है, जिसे वे अपनी जीवन योजनाओं और नकदी जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज कर सकते हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने हाल के महीनों में देखा है, आज के अनिश्चित आर्थिक माहौल में बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहती है। ऐसे समय में ग्राहक गारंटीड रिटर्न वाले प्रोडक्ट को प्राथमिकता देते हैं, जो उनकी पूँजी को सुरक्षित रखते हुए उनकी वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करें।

## अडानी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी, 10.59 फीसदी का आया उछाल

एजेंसी

**मुंबई।** अडानी ग्रुप के शेयरों में बुधवार को तूफानी तेजी आई। पोर्ट्स से लेकर एनर्जी तक कारोबार करने वाले कारोबारी समूह के सभी शेयरों में उछाल देखने को मिला। इस तेजी का नेतृत्व अडानी ग्रीन एनर्जी की ओर से किया गया। अडानी ग्रुप की रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी का शेयर 81.40 रुपए या 10.59 फीसदी बढ़त के साथ 849.95 रुपए पर बंद हुआ था। कारोबार में अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर ने 857.90 रुपए के उच्चतम स्तर और 769 रुपए के न्यूनतम स्तर को छुआ। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 60.35 रुपए या 9.33 फीसदी की तेजी के साथ 707 रुपए पर बंद हुआ था। कारोबारी सत्र में शेयर ने 731.50 रुपए के उच्चतम स्तर और 646 रुपए के न्यूनतम स्तर को छुआ। अडानी टोटल गैस का शेयर 35.05 रुपए या 6.41 फीसदी की बढ़त के साथ 582.20 पर बंद हुआ। दिन में शेयर ने 600 रुपए का उच्चतम स्तर और 544.35 रुपए का न्यूनतम स्तर बनाया। इसके अलावा अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 97.20 रुपए या 4.53 फीसदी चढ़कर 2,242 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं, अडानी पोर्ट्स का शेयर 54.50 रुपए या 5.15 फीसदी बढ़कर 1,112.45 रुपए और अडानी पावर का शेयर 19.10 रुपए या 3.95 फीसदी की तेजी के साथ 502.35 रुपए पर बंद हुआ। ग्रुप की सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट्स का शेयर 14.60 रुपए या 3.07 फीसदी से बढ़कर 489.60 रुपए पर बंद हुआ। 10 कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद भारतीय बाजार भी बुधवार को हरे निशान पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 740 अंक या 1.01 फीसदी की तेजी के साथ 73,730 और निफ्टी 254 अंक या 1.15 फीसदी की बढ़त के साथ 22,337 पर था। बाजार में तेजी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप 9 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 393 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो मंगलवार को 384 लाख करोड़ रुपए था।




## वीर हनुमान एक भव्य महागाथा की प्रस्तुति

एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब दर्शकों के लिए भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित एक अनोखी प्रस्तुति वीर हनुमान, स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह शो 11 मार्च से हर सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह शो हनुमान जी के बचपन और उनके अटूट समर्पण व शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। इस अद्भुत कथा और समृद्ध कहानी कहने की शैली के माध्यम से, यह शो भारत के सबसे पूजनीय देवताओं में से एक, हनुमान, को नई पीढ़ी के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। बाल हनुमान की भूमिका में आन तिवारी नजर आएंगे, यह शो बाल हनुमान की मासूमियत, उनके दिव्य शक्तियों के प्रति जागरूकता और अपनी नियति को पूरा करने के लिए आने वाली कठिनाइयों को पार करने की यात्रा को उजागर करेगा। अजय भालवनकर, बिजनेस हेड, सोनी सब - सोनी सब में हम उन कहानियों को प्रस्तुत करने में विश्वास रखते हैं जो दर्शकों के दिलों को छूती हैं। भगवान हनुमान की कथा पीढ़ियों से पूजनीय रही है, और हम इसे एक नई और आकर्षक शैली में प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित हैं।



## ट्राई का उद्देश्य उपभोक्ताओं की हितों की रक्षा और जागरूक करना

एजेंसी

**कोलकाता।** ट्राई का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ता जागरूकता पैदा करना। इस उद्देश्य में, ट्राई, उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम (सी.ओ.पी), उपभोक्ता संगठनों के क्षमता निर्माण पर कार्यशालाएं और उपभोक्ता हितों और संरक्षण के मुद्दों पर सेमिनार आदि आयोजित करता है। इसी श्रृंखला में, ट्राई (क्षेत्रीय कार्यालय-कोलकाता) ने उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए ट्राई द्वारा की गई विभिन्न पहलों से जनता को अवगत कराने के लिए गुरुवार को होटल सैफरन सूट, कॉलेज मोड़, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम जिला, झारखंड में एक उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। आम जनता के अलावा, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, उपभोक्ता संगठनों ने कार्यक्रम में भाग लिया। असीम दत्ता, आईआरआरएस, संयुक्त सलाहकार, ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता अपने स्वागत भाषण में भारत में दूरसंचार और प्रसारण सेवा के विधायी और नियामक ढांचे, ट्राई की भूमिका/कार्य और ऐसे उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य और प्रयोजन के बारे में संक्षिप्त भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान, निलय दत्ता, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से, प्रतिभागियों को मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी), शिकायत निवारण तंत्र, डेटा सेवाओं, प्रसारण नियमों और टैरिफ आदि से संबंधित विभिन्न उपभोक्ता केंद्रित नियमों, निदेशों और आदेशों के प्रावधानों के बारे में शिक्षित किया गया। प्रतिभागियों को विभिन्न मोबाइल ऐप (ट्राई माईस्पीड ऐप, ट्राई डीएनडी 3.0 ऐप, चैनल चयनकर्ता और ट्राई माईकॉल ऐप), टैरिफ पोर्टल और उपभोक्ता सशक्तीकरण के लिए ट्राई द्वारा विकसित नेटवर्क कवरेज मैप्स के लाभों के बारे में भी बताया गया उन्हें यू.सी.सी पर ट्राई के नए नियमों/निर्देशों के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें विभिन्न दूरसंचार धोखाधड़ी जैसे टावर धोखाधड़ी, धोखाधड़ी वाले संदेश/कॉल आदि के बारे में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। प्रतिभागियों को नीति निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए ट्राई की परामर्श प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की सलाह दी गई। सेलुलर टावरों से विद्युत चुम्बकीय विकिरण, इसकी सुरक्षित सीमा, संबंधित नियम और सरकार द्वारा निगरानी तंत्र पर एक प्रस्तुति भी दी गई। सरकार द्वारा विकसित विभिन्न नागरिक केंद्रित डिजिटल एप्लिकेशन (जैसे सीईआईआर, टीएएफसीओपीएस आदि जिन्हें संचारसाथी नाम दिया गया है, पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तुति के बाद एक जीवंत इंटरैक्टिव सत्र होगा जिसमें दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न पहलुओं से संबंधित प्रतिभागियों के प्रश्नों का ट्राई टीम/टीएसपी द्वारा उपयुक्त रूप से उत्तर दिया गया।

### भारत से अमेरिका में इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत से अमेरिका में इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात जनवरी, 2025 में सालाना आधार पर 18 फीसदी बढ़कर 1.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा बताता है कि भारत का इंजीनियरिंग निर्यात मामूली रूप से बढ़ा है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) के जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात एक साल पहले के 14.38 अरब डॉलर से 15.60 अरब डॉलर पहुंच गया। जीते देश यूएई को भी निर्यात में वृद्धि देखने को मिली। भारत के इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात जर्मनी, मेक्सिको, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, जापान, नेपाल और बांग्लादेश में बढ़ा है।

## सेंसोडाइन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरूआत की

SENSODYNE

**रांची/जमशेदपुर।** सेंसोडाइन, जो हेलियोन (पहले ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) का एक जानामाना ओरल केयर ब्रांड है, उसने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रुपए के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। यह रिकॉर्ड (सेंसोडाइन), के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरूआत भी करता है, जिसका लक्ष्य लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। (सेंसोडाइन), पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से लोगों को दांतों की सेंसिटिविटी पहचानने और सही समय पर उसके लिए कदम लेने के लिए जागरूक कर रहा है। इस दौरान, ब्रांड ने पूरे भारत में चिल टेस्ट किए हैं, जिससे लाखों लोगों को उनकी समस्या को समझ कर उसके लिए कदम लेने और फिर से अपने पसंदीदा खाने का लुत्फ उठाने में मदद मिली है। यह पहल लोगों की जीवन की खुशहाली लौटने की दिशा में एक बड़ा कदम है। किशले सेठ, कैटेगरी लीड, ओरल हेल्थ, हेलियोन इंडिया सबकॉन्टिनेंट ने बताया कि, सेंसोडाइन में हमारा लक्ष्य लोगों को उनकी ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। महाकुंभ 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह हजारों लोगों तक पहुंचने, जागरूकता बढ़ाने और हर दिन बेहतर ओरल हेल्थ को प्रोत्साहित करने की हमारी कोशिशों का हिस्सा है। हम इस पहल को आगे बढ़ा रहे हैं और वर्ल्ड ओरल हेल्थ मंथ के दौरान ओरल हेल्थ की शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, फ्री डिजिटल डेंटल चेक-अप की सुविधा भी दे रहे हैं। ओरल केयर की शिक्षा, जागरूकता और सही इलाज सभी के लिए सुलभ करने की इन लगातार कोशिशों के जरिए सेंसोडाइन, भारत में ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने में लगा है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नए मैनुअल ट्रांसमिशन ग्रेड में लेजेंडर 4X4 पेश किया

**रांची/जमशेदपुर।** शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा लेजेंडर 4X4 का मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) वैरिएंट (रूपांतर) पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिजाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है। किसी भी इलाके में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार, लेजेंडर ने 2021 में भारत में अपनी शुरूआत की, जिसमें उन्नत 4X4 क्षमता हैं, जो इसे ऑफ-रोड रोमांच के लिए आदर्श साथी बनाती हैं। लेजेंडर 4X4 एमटी के केंद्र में जाना-माना 2.8 लीटर डीजल इंजन है, जिसे बेजोड़ पावर डिलीवरी के लिए इंजीनियर किया गया है। 204 पीएस की पावर और 420 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला यह पावरट्रेन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी ड्राइव पर पूर्ण नियंत्रण पसंद करते हैं। 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन सुस्पष्टता बढ़ाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उत्साही लोग चुनौतीपूर्ण इलाकों में आसानी से नेविगेट कर सकते हैं और सहज गियर शिफ्ट के रोमांच का आनंद ले सकते हैं। टोयोटा की उन्नत 4X4 तकनीक चालकों को विविध परिदृश्यों से निपटने के लिए और अधिक सशक्त बनाती है, जिससे लीजेंडर शहरी रोमांच और ऑफ-रोड रोमांच दोनों के लिए एक आदर्श साथी बन जाता है।



### बाइक ड्यूक 125 और आरसी 125 की बिक्री होगी बंद

**नई दिल्ली।** भारत में केटीएम इंडिया ने अपनी 125सीसी रेंज की धांसू बाइक ड्यूक 125 और आरसी 125 की बिक्री बंद होने जा रही है। यह फैसला केटीएम इंडिया कंपनी ने किया है। 1 अप्रैल, 2025 से ये बाइक्स बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। कंपनी ने ड्यूक 125 को भारत में सबसे पहले 2018 में लॉन्च किया था। उसके कुछ साल बाद आरसी 125 को पेश किया गया था। आइए जानते हैं पूरी खबर को विस्तार से। एक खबर के अनुसार, लॉन्च करते समय कंपनी का मानना था कि प्रीमियम और स्पोर्टी 125सीसी मोटरसाइकिल को शानदार रिस्पांस मिलेगा। हालांकि, मार्केट में इस सेगमेंट की यामाहा आर15 और एमटी15 को ग्राहक ज्यादा खरीदने लगे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दुनिया में सनातन का...**

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रजभूमि श्रद्धा की भूमि है। होली पर यहां आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में सनातन का वैभव बढ़ा है। पूरी दुनिया हमारे धर्म से जुड़ रही है।

**मोबाइल स्नेचरों से...**

पुलिस से मिली जानकारी की मुताबिक थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस को सूचना मिली कि मोबाइल स्नैच करने वाले 3 बदमाश चोरी की 2 मोटरसाइकिल पर सवार होकर कालिन्दी कुंज की तरफ से आ रहे है। सूचना पर थाना सेक्टर-126 पुलिस द्वारा कालिन्दी कुंज हाईवे पर बैरियर लगाकर चौकिंग की जा रही थी, तभी महामाया फ्लाई ओवर की तरफ से एक मोटरसाइकिल अपाचे पर सवार 1 व्यक्ति व दूसरी मोटरसाइकिल केटीएम पर सवार 2 व्यक्ति आते हुये दिखाये दिये, जिन्हें चौकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिलों पर सवार व्यक्ति बिना रूके तेजी से बैरियर को पार करके नाले की पटरी यमुना घाट की तरफ भाग निकले। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गये।

घायल बदमाशों की पहचान इरशाद पुत्र जाकिर निवासी किराये का मकान, शास्त्री पार्क, थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली करीब (21 वर्ष) मूल पता- ग्राम मधुबनी, थाना बलुवा बाजार, जिला सुपौल, बिहार, नसीम पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी किराये का मकान, जी ब्लाक, शास्त्री पार्क, थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली उम्र करीब (22 वर्ष), सुमित पुत्र दौलतराम निवासी शास्त्री पार्क, थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली उम्र (21 वर्ष) के रूप में हुयी है। बदमाशो के कब्जे से छीने गये 5 मोबाइल फोन, 2 चोरी की मोटरसाइकिल, 3 अवैध तमंचे मय 3 खोखा व 3 जिन्दा कारतूस बरामद हुए है।

बदमाशों ने पूछताछ के दौरान बताया गया कि हमारे द्वारा चोरी की मोटरसाईकिलों पर सवार होकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन आदि लूट कर भाग जाते है।

**चेन स्नेचर ने...**

पास चेन स्नेचिंग तथा 21 जनवरी को मटियाला कट से मोबाइल लूटने वाले बदमाश सोनू उर्फ सनी वाल्मीकि उर्फ सोनू शाहपुरिया पुत्र राकेश निवासी शाहपुर थाना मुरादनगर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में गिरफ्तार सोनू ने बताया कि उसने लूटी गई चेन व मोबाइल फोन एक जगह पर छुपा कर रखे हैं।

थाना पुलिस जब चेन स्नेचर को माल की बरामदगी के लिए ले गई तो सोनू ने मौके पर छुपा कर रखे गए एक तमंचे से पुलिस पार्टी पर गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें सोनू के पैर में गोली लगी उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की फिल्म नादानियां का एल्बम रिलीज

**रांची।** 'नादानियां' का जादू सभी के सर चढ़ कर बोल रहा है। 'इश्क में' और 'गलतफहमी' से श्रोताओं को दीवाना बनाने के बाद, इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की शानदार फिल्म 'नादानियां' अपने अगले मनमोहक साउंडट्रैक के साथ दिलों को जीत रही है, जो संगीत की गहराइयों को छू रहा है। इस एल्बम को मशहूर संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है, जिसमें अमिताभ भट्टाचार्य के बेहतरीन गीतों का जादू शामिल है। यह साउंडट्रैक प्रेम, तड़प, उलझन और खुशी जैसे एहसासों को धुनों के तार में बड़ी खूबसूरती से पिरोता है। 'नादानियां' का संगीत आपको अनेकों भावनाओं की गहराइयों तक ले जाएगा, जहां हर एक पल जादुई और यादगार बन जाएगा। तो तैयार हो जाइए इस सुनहरे संगीतमय सफर के लिए। 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर 'नादानियां' की रिलीज का इंतजार लोगों को जितना बेकरार कर रहा है, उतना ही दर्शकों को इसके गीत मंत्रमुग्ध कर रहे है। इस फिल्म का निर्देशन शौना गौतम ने किया है, जो उनकी पहली फिल्म है और इसे करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमें मिश्रा ने धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के तहत प्रोड्यूस किया है।



खास खबर

## लंदन में अवैध प्रवासियों पर गहराया संकट

**लंदन।** लंदन में अवैध प्रवासियों का संकट गहराता जा रहा है। लंदन में करीब 3,90,355 से 5,85,533 अवैध प्रवासी रह रहे हैं। ब्रिटेन में करीब 10 लाख से ज्यादा अवैध प्रवासी रहते हैं, जिनमें से 60 फीसदी लंदन में हैं। यह आंकड़े एक स्टडी में सामने आए हैं। हाल में अफ्रीका, मध्य-पूर्व और यूरोप से आए अवैध प्रवासियों की बढ़ती संख्या ने ब्रिटेन को नए संकट में डाल दिया है। सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। ब्रिटेन में 2021-22 में आतंकवाद से जुड़े अपराधिक मामले में पकड़े गए लोगों में से 94 फीसदी पुरुष थे। 70 फीसदी अवैध प्रवासी जो इंग्लिश चैनल को पार करके ब्रिटेन आए, वे 18 साल से ज्यादा आयु के थे। 2002 से 2021 तक ब्रिटेन में आतंकवाद से जुड़े मामलों में पकड़े गए विदेशी नागरिकों में सबसे ज्यादा अल्जीरिया, इराक, पाकिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, सोमालिया, भारत और श्रीलंका के थे । ब्रिटेन में पाकिस्तानी मूल के लोगों पर ग्रूमिंग के आरोप लग रहे हैं, जिसे लेकर जनता चिंतित है।

## आतंकी शरीफुल्लाह ने की ट्रांसलेटर की मांग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका को जिसकी तलाश थी, वह पूरी हो गई। अमेरिका का चार साल पुराना इंतजार खत्म हो गया। यह अब अमेरिकी के जख्म पर मरहम का काम करेगा। जी हां, अमेरिकी एजेंसियों ने जिस आतंकी को अफगानिस्तान से पकड़ा है, वह अमेरिका की धरती पर पहुंच चुका है। अफगानिस्तान के एबी गेट पर अमेरिकी सैनिकों की मौत का जिम्मेदार आतंकवादी शरीफुल्लाह अमरीका पहुंचा। यहां उसे वर्जीनिया की अलेक्जेंड्रिया स्थित संघीय अदालत में पेश किया गया। अमेरिका ने पहली बार उसकी तस्वीर भी जारी की है।अदालत में आतंकी शरीफुल्लाह को जज विलियम पोर्टर के सामने पेश किया गय। इस दौरान आतंकी शरीफुल्लाह ने बताया कि उसे अमेरिका में बोली जाने वाली भाषा समझ में नहीं आती। इसके बाद उसे दारी भाषा बोलने वाले दुभाषिया की मदद प्रदान की गई। कोर्ट में सुनवाई के दौरान आतंकवादी नीली वर्दी में था।

## खेऊन गांव में मिली पुरानी गुफा

**राजौरी।** राजौरी जिले की तहसील तेरयाथ के खेऊन गांव में स्थित प्राचीन गुफा में जो भी आता है उसे भगवान शिव सपने में आकर दर्शन दे रहे हैं। ऐसा ग्रामीणों का कहना है कि जब यहां आकर देखा तो भोलेनाथ का चमत्कार नजर आया। इस जगह की मान्यता है कि जो भी श्रद्धा से यहां आता है, उसकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस घटनाक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है, और दूर-दराज से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं और भोलेनाथ के दर्शन कर रहे हैं।गुफा के बढ़ते महत्व को देखते हुए प्रशासन ने एडीसी कलाकोट मोहम्मद तनवीर ने गांव का दौरा किया और गुफा का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग उनके सामने रखी। एडीसी तनवीर ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इन सुविधाओं को मुहैया कराने उचित कदम उठाए जाएंगे।

# ट्रॉले से टकराई कार, एक परिवार के 6 लोगों की मौत

एजेंसी

**सिरोही।** आबू रोड के किवरली के पास गुरुवार सुबह तड़के एक तेज रफ्तार कार और ट्रॉले की टक्कर में कारसवार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरा परिवार अहमदाबाद से लौट रहा था। माउंटआबू के सीओ गोमाराम ने बताया कि आज सुबह तीन बजे किवरली के पास दुर्घटना हुई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रोले के नीचे घुस गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय हुई जोरदार आवाज सुनाकर हाईवे पर पेट्रोलिंग कर रही पुलिस वैन सबसे पहले मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने तुरंत घायलों को निकालने की कोशिश की, लेकिन



कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचकने से शव फंस गए। पुलिस ने तुरंत क्रेन मंगवाकर ट्रोले में फंसी कार को बाहर निकाला गया। इसके बाद कार के दरवाजे तोड़कर फंसे लोगों को निकाल गया। उन्होंने बताया कि चार लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी, जबकि अन्य दो लोगों की मौत आबूरोड के अस्पताल में हुई। शवों को मोर्चरी में रखा गया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना में जालोर के कुम्हारों का वास इलाके के रहने वाले नारायण प्रजापति (58) पुत्र नरसाराम, उनकी पत्नी पोशी देवी (55) और बेटे दुष्यंत (24), ड्राइवर कालूराम (40) पुत्र प्रकाश चांदराई, उनके बेटे यशराम (4) और जयदीप पुत्र पुखराज प्रजापति की मौत हो गई। इसके अलावा मृतक जयदीप की मां दरिया देवी (35) पत्नी पुखराज गंभीर रूप से घायल हुई हैं। एसडीएम शंकरलाल मीणा ने बताया कि कार सवार नारायण अपने परिवार के साथ 3 मार्च को अहमदाबाद गए थे। वहां उनका इलाज चल रहा था। कार ड्राइव करने के लिए अपने साले कालूराम को साथ लेकर गए थे। 4 मार्च को अहमदाबाद में अपने रिश्तेदार के घर रुके थे और 5 मार्च की रात को जालोर के लिए निकले थे। इस दौरान आबूरोड में हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रॉले में कोयला भरा था और दुर्घटना के बाद उसका ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## हिंसा के बाद संभल में सुरक्षा कड़ी, 38 नई चेकपोस्ट से रखी जाएगी नजर

एजेंसी

**संभल।** यहां हाल ही में हुई हिंसा के बाद जिले की सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने जिले में 38 नई स्थायी पुलिस चेकपोस्ट स्थापित करने का निर्णय लिया है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस चौकियों के निर्माण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा, शहर में प्रवेश करने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जो 24 घंटे गतिविधियों पर नजर रखेंगे। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पैसिया ने कहा कि संभल हिंसा के बाद होली पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट पर हैं। उन्होंने बताया कि आज हमारे यहां शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इससे सात दिन पहले भी शांति समिति की बैठक बुलाई गई थी। आज डीआईजी द्वारा पूरे संभल शहर में पैदल पेट्रोलिंग की गई। सभी जगह पर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी रहेगी। पूरे क्षेत्र में पुलिस फोर्स को लगाया गया है। कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई समस्या होती है, तो हमसे बात की जाए, ताकि समाधान निकल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि होली पर जो भी जुलूस निकालेंगे, उसके साथ में हमारे मजिस्ट्रेट भी रहेंगे। पुलिस फोर्स के जवान भी साथ रहेंगे और उसे शांतिपूर्वक निकाला जाएगा। इसमें आगे-पीछे चारों ओर पुलिस तैनात रहेगी, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। नई चेकपोस्ट और सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने में सक्षम होगी। प्रशासन का कहना है कि ये कदम भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में कारगर साबित होंगे।

# बलूचिस्तान प्रांत में आईईडी विस्फोट, 5 की मौत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को एक आईईडी विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएचओ ने कहा कि आईईडी एक बाइक में प्लांट की किया गया था और दूर बैठकर रिमोट से इसमें विस्फोट किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। खुजदार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विस्फोट नाल बाजार के करीब स्थित एक कॉलेज के पास खड़ी बाइक में हुआ था। अन्य



कई वाहन भी जल गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की समय पर कार्रवाई ने बलूचिस्तान के पिशिन इलाके में एक और आतंकवादी हमले को टाल दिया है।

उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने कार्रवाई करते हुए पिशिन में 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जो आतंकी हमले की योजना बना रहे थे। बलूचिस्तान के सीएम मीर सरफराज बुगती ने विस्फोट की कड़ी निंदा की और कहा कि घायलों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को खत्म कर दिया जाएगा। शांति विरोधी तत्व अपने नापाक इरादों में विफल हो जाएंगे और इस घटना में शामिल लोगों को सख्त सजा दी जाएगी। बलूचिस्तान दो दशकों से ज्यादा समय से हिंसा का सामना कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि देश में इस साल अब तक 79 आतंकवादी हमले हो चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप 55 नागरिकों और 47 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है, जबकि 45 नागरिक और 81 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। इसमें कहा गया है कि इस साल अब तक आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान 156 आतंकवादी मारे गए, 20 घायल हुए हैं और 60 अन्य गिरफ्तार किए गए हैं।

## अमेरिका में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान जी. प्रवीण (26) के रूप में हुई है, जो विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में एमएस की पढ़ाई कर रहा था और एक स्टोर में पार्ट-टाइम जॉब भी करता था। यह घटना बुधवार तड़के (भारतीय समयानुसार) हुई, जिसके बाद अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवीण के परिवार को इसकी सूचना दी।पीड़ित के पिता, राघवुलु ने कहा कि उन्हें सुबह 5 बजे अपने बेटे का व्हाट्सएप कॉल आया, लेकिन वह फोन नहीं उठा सके। उन्होंने कहा, बाद में सुबह, मैंने मिस्ड कॉल देखा और उसे एक वॉयस मैसेज भेजा। हालांकि, एक घंटे बाद भी कोई कॉल बैक नहीं आया।

## अपने ही देश में अचानक बम बरसाने लगा फाइटर जेट, 7 घायल

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की वायुसेना के एक फाइटरजेट ने अचानक अपने ही देश पर बमों की बारिश कर दी। इससे अचानक पूरे क्षेत्र में धमाके होने लगे और करीब 7 लोग घायल हो गए। किसी ने कहा आतंकी हमला तो किसी ने कहा कि किसी देश दक्षिण कोरिया पर हमला बोल दिया। इस अफवाह और हड़कंप के साथ लोगों काफी दहशत रही। बाद में पता चला कि साउथ कोरिया की वायुसेना अभ्यास कर रही थी। तभी एक ऐसा हादसा हुआ, जिसके बाद पूरी इलाका धुआं-धुआं हो गया। चारों तरफ अफरातफरी मच गई। वायुसेना के आलाकमान के हाथ-पांव फूल गए। इतना ही नहीं, कई लोग घायल हो गए। दक्षिण कोरिया की वायुसेना के एक केएफ-16 फाइटर जेट ने गुरुवार को लाइव-फायर



अभ्यास के दौरान गलती से 8 बम निर्धारित क्षेत्र के बाहर गिरा दिए। इससे 7 नागरिक घायल हो गए। यह घटना गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10:04 बजे पोचियोन में हुई। यह जगह साउथ कोरिया की राजधानी सियोल से 42 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। जब वायुसेना का केएफ-16 फाइटर जेट एक लाइव-फायर अभ्यास में हिस्सा ले रहा था, तभी तकनीकी खराबी के कारण उसने प्रशिक्षण रेंज के बाहर आठ एमके-82 बम गलत स्थान पर गिरा दिए। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

## मधुमक्खी के छत्ते का इस्तेमाल हथियार के रूप में कर रहे यूक्रेनी सैनिक

एजेंसी

**कीव** । यूक्रेन-रूस युद्ध बीते तीन सालों से जारी है। दोनों ओर की सेनाओं ने युद्ध में तरह-तरह के आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया है। हाल ही में एक यूक्रेनी सैनिकों की एक नई वीडियो वायरल हुई है। वीडियो में दिख रहा हैं कि यूक्रेनी सैनिक गोला-बारूद खत्म होने पर मधुमक्खी के छत्ते का इस्तेमाल हथियार के रूप में करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह वीडियो पोक्रिवस्क शहर के एक ग्रामीण इलाके की है। ड्रोन के जरिए बनाई गई वीडियो में दिख रहा हैं कि रूसी सैनिक एक तहखाने में छिपे होते हैं। तभी वहां पर यूक्रेनी सैनिक आ जाते हैं। वे मधुमक्खियों के छत्तों की जांच करते हैं और फिर उन्हें उठाकर तहखाने की तरफ भागते हैं। इसके बाद वह एक छेद के जरिए छत्ते को तहखाने में फेंककर भाग जाते हैं। हालांकि वीडियो में रूसी सैनिकों को वहां से बाहर निकलते हुए नहीं दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि यूक्रेनी सेना के पास जब गोला-बारूद खत्म हो गए, तब उन्होंने मधुमक्खियों का उपयोग करना शुरू कर दिया। यह पहली बार है जब इस युद्ध में कीड़ों का उपयोग हुआ है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## हिमस्खलन का खौफनाक वीडियो वायरल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में बफीर्ले तूफान का डरावना वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे बर्फ का सैलाब तेजी से नीचे की ओर बह रहा है और पूरे इलाके को अपनी चपेट में लेता चला जा रहा है। राहत की बात यह है कि इस आपदा में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। स्थानीय प्रशासन और बचाव दल लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिख रहा है कि पहाड़ों से बर्फ की एक बड़ी परत तेजी से नीचे गिर रही है, जिससे आसपास के लोग घबरा गए। कुछ लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए।

# वीरांगना सम्मान समाजिक फाउंडेशन ने मनाई होली और महीला दिवस

**पटना।** बिहार वीरांगना सम्मान समाजिक फाउंडेशन ने होली और महिला दिवस के सुअवसर पर वीरांगनाओं को सम्मानित कर होली की धूम अबीर और फूलों से की गई। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि टछउ सुश्री श्रेयसी सिंह व सम्मानित अतिथि के रूप में डा बिंदा सिंह बी प्रियम मैम डा माधवी जी थी । कार्यक्रम कि आरम्भ गणेश वंदना और राष्ट्रगान किया गया । उसके बाद दीप प्रज्वलित कर होली संगीत से शुरूवात किया गया । वीरांगनाओं ने विशिष्ट और सम्मानित अतिथियों को मोमेंटो साल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। वैसे तो सारी वीरांगनायें



हर कार्य में आगे पर कुछ वीरांगनाये संगठन में खुद है बढ़-चढ़कर कार्य करती है । उन वीरांगनाओं में संरक्षक अनुपमा सिंह व रेणू सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुपमा सिंह मनोरमा सिंह सुषमा सिंह मिना सिंह रिना सिंह निलम सिंह श्वेता सिंह प्रतिमा सिंह और नये सदस्यों को गिफ्ट मोमेंटो और दुपट्टा से सम्मानित किया गया । आगामी होली मिलन और महिला दिवस के सुअवसर पर अतिथियों संग वीरांगनाओं ने पूरे उमंग और उल्लास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाई। आगामी महीला दिवस और होली मिलन आयोजित कार्यक्रम में 50 वीरागनायें उपस्थित रही। सभी सम्मानित अतिथि संग पूरी वीरांगना टीम को दिल से आभार और प्यार ।हमलोगों का प्यार और विश्वास यूं ही आपस में बना रहे यही ईश्वर से प्रार्थना है ।

# चलती ट्रेन से फेंका कचरा, चली गई नौकरी

▸ वीडियो वायरल, रेल मंत्रालय ने की कार्रवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के एक कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह डस्टबिन से कूड़ा उठाकर चलती ट्रेन से ट्रैक पर फेंकते नजर आ रहा है। इस पर लोग कड़ी आपत्ति जताते हुए देश में कचरे के निपटान पर सवाल उठा रहे हैं। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि घटना वाले दिन ही संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे हटा दिया गया था। रेल मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ॿइस कर्मचारी को 27/2 को हटा दिया गया था, उसी दिन जिस दिन उसने यह कृत्य किया था। 49 सेकंड का वायरल वीडियो रिकॉर्ड करने वाले यात्री को अपनी निराशा व्यक्त करते हुए सुना जा सकता है, ये अंकल सारा कचरा बाहर पटरियों पर फेंक रहे हैं। ये भारतीय रेलवे की हालत है। डस्टबिन क्यों लगा रखा है। क्या ऐसे देश आगे बढ़ेगा। द स्किन डॉक्टर नामक एक एक्स यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ॿउसे पता था कि उसकी रिकॉर्डिंग की जा रही है और लोग उसे बुरा-भला कह रहे हैं, फिर भी यह सब इस कथित रेलवे कर्मचारी को रोकने के लिए काफी नहीं था। इतना अहंकार और आत्मविश्वास कहां से आता है? घटना का संज्ञान लेते हुए रेलयात्रियों की सहायता के लिए एक्स अकाउंट रेलवेसेवा ने कहा, ॿभारतीय रेलवे में कचरा निपटान के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र है।ओबीएचएस स्टाफ ने इसका उल्लंघन किया था, जिसे हटा दिया गया है और जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा स्टाफ को ट्रेनों और रेलवे परिसर की उचित सफाई सुनिश्चित करने के लिए परामर्श दिया जा रहा है। एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा, यह नियमित अभ्यास है। अगर हम रेलवे ट्रैक पर बारीकी से नजर रखें तो हम इसे आसानी से देख सकते हैं। ट्रैक के दोनों तरफ 15-20 मीटर तक ऐसी प्लेटें, रैपर, प्लास्टिक के पैकेट आदि बिखरे पड़े हैं। बहुत खराब स्थिति है।

## रील बनाने के चक्कर में नहर में गिरी कार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद के फतेहवाड़ी नहर में एक स्कॉर्पियो कार जा गिरी। गुरुवार को कार जब नहर में गिरी तब उसके अंदर तीन युवक मौजूद थे। बताया जा रहा है कि, रील बनाने के चक्कर में स्कॉर्पियो कार बेकाबू होकर नहर में जा गिरी। स्कॉर्पियो जैसे ही कैनाल में गिरी उसके तुरंत बाद वहां मौजूद दूसरे दोस्तों ने रस्सी डालकर तीनों युवकों को बचाने की कोशिश की वे लेकिन असफल रहे। जिसके बाद स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हुए। इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। रेस्क्यू के लिए पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के द्वारा स्कॉर्पियो गाड़ी को बाहर निकालकर गाड़ी में मौजूद तीनों युवकों की तलाश शुरू की गई है।

# 7 साल से सूर्य की परिक्रमा कर रही टेस्ला रोडस्टर

एजेंसी

**वॉशिंगटन ।** दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स 7 साल पहले अंतरिक्ष में भेजी गई टेस्ला रोडस्टर कार आज भी सूर्य की परिक्रमा कर रही है। यह कार 6 फरवरी 2018 को फाल्कन हेवी रॉकेट के साथ लांच की गई थी, जिसमें चालक की सीट पर स्टारमैन डमी को भी बैठाया गया था। मस्क ने इस कार को अंतरिक्ष में भेजने का फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह ऐसा कर सकते थे! उनके पास एक स्पेस कंपनी और एक कार कंपनी दोनों थीं, जिससे उन्होंने इस अनोखे मिशन को अंजाम दिया। मस्क के मुताबिक, वह कुछ सबसे बेवकूफी भरी चीज भेजना चाहते थे, इसलिए उन्होंने टेस्ला रोडस्टर को लांच



किया। यह कार सूर्य की परिक्रमा कर रही है और रोडस्टर को एक चक्कर पूरा करने में 557 दिन लगते हैं। अब तक यह कार 3.5 ट्रिलियन मील की यात्रा कर चुकी है। लांच के दौरान कार में डेविड बॉवी का मशहूर गाना स्पेस ऑडिटी बज रहा था, इस डमी स्टारमैन अब तक 6,92,000 बार सुन चुका होता, अगर बैटरी काम कर रही होती। हाल ही में खगोलविदों ने इस कार को एक एस्टेरॉयड समझने की गलती कर ली थी। स्पेस में घूम रही यह टेस्ला कार अब भी वैज्ञानिकों और मस्क की नजरों में बनी हुई है। मस्क की इस अनोखी टेस्ला कार का कोई उपयोग नहीं है, लेकिन यह भविष्य में मानव सभ्यता के लिए एक ऐतिहासिक निशानी बन सकती है।

टेस्ला रोडस्टर एक इलेक्ट्रिक कार है जिसे साल 2010 में बनाया गया था। लांच के वक्त कार को रॉकेट पर पेलोड एडाप्टर के ऊपर इंकलाइन पोजिशन (झुकी हुई स्थिति में) स्थायी रूप से लगाया गया था। सामने और साइड कैमरों को माउंट करने के लिए ट्यूबलर स्ट्रक्चर जोड़े गए थें। पेलोड एनकैप्सुलेशन से पहले कार की तस्वीरें जारी की गईं थीं।

# चीन को मिला खजाना, 60,000 साल तक उसकी ऊर्जा जरुरतों को करेगा पूरा

एजेंसी

**बीजिंग ।** चीन जमीन के अंदर गड़ा ऐसा खजाना मिला है, जिससे 60,000 साल तक के लिए उसका काम बन जाएगा। दरअसल चीन ने थोरियम के विशाल भंडार की खोज की है, जो ड्रैगन को असीमित ऊर्जा स्रोत उपलब्ध करा सकता है। थोरियम एक रेडियोधर्मी धातु है, जो परमाणु ऊर्जा उत्पादन में इस्तेमाल हो सकती है। यह यूरेनियम से 200 गुना ज्यादा ऊर्जा पैदा कर सकता है और इससे बनने वाले थोरियम-मोल्टन साल्ट रिएक्टर (टीएमएसआर) कई मायनों में क्रांतिकारी हैं। इसके अलावा, यह ऊर्जा उत्पादन में बहुत ही कम रेडियोधर्मी कचरा उत्पन्न करता है, जिससे यह भविष्य की ऊर्जा



तकनीक बन सकता है। सर्वे बताता है कि मात्र 5 साल तक इन खदानों से निकला कचरा ही अमेरिका जैसे देश की 1,000 साल की ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकता है। सर्वे के मुताबिक, चीन के इनर मंगोलिया में स्थित माइनिंग कॉम्प्लेक्स में 10 लाख टन थोरियम मौजूद है। अगर इस थोरियम का पूरी तरह इस्तेमाल किया जाए, तब यह चीन की ऊर्जा जरूरतों को अगले 60,000 साल तक पूरा कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक चीनी भूवैज्ञानिक ने बताया, ॿसालों तक दुनिया तेल और गैस को लेकर जंग लड़ती रही, लेकिन असली असीमित ऊर्जा हमारी धरती के नीचे छिपी थी। उन्होंने कहा कि अगर थोरियम-आधारित रिएक्टर पूरी तरह विकसित हो जाएं, तब बड़े-बड़े जहाज बिना ईंधन भरे सालों तक महासागरों में सफर कर सकते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यहां लोहे की खुदाई के दौरान निकला वेस्ट मटेरियल ही थोरियम का विशाल भंडार है, जो अब तक पूरी तरह अनछुआ पड़ा है। चीन पहले से ही रेयर अर्थ मेटल्स में दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। अब जब थोरियम जैसे नए ऊर्जा स्रोत की खोज कर ली है, तब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। अमेरिका और यूरोप पहले से ही चीन की ऊर्जा और टेक्नोलॉजी की बढ़ती ताकत को लेकर चिंता में हैं। अगर चीन इस थोरियम ऊर्जा स्रोत को व्यवहारिक रूप से विकसित कर लेता है, तब यह दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। इतना ही नहीं इससे चीन की ऊर्जा निर्भरता खत्म हो सकती है और वह तेल, गैस और कोयले की जगह स्वच्छ और असीमित ऊर्जा का उपयोग कर सकता है। भारत, अमेरिका, रूस और कई यूरोपीय देश पहले से ही थोरियम-आधारित रिएक्टरों पर काम कर रहे हैं, लेकिन चीन अब इस दौड़ में सबसे आगे निकलता दिख रहा है।

## अमेरिका ने रूसी हमलों के खिलाफ खुफिया जानकारी साझा करने पर लगाई रोक

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को एक और झटका दिया है। अमेरिका ने यूक्रेन की सैन्य सहायता पर रोक लगाने के बाद अब यूक्रेन के साथ रूसी हमलों के खिलाफ खुफिया जानकारी साझा करने पर भी रोक लगा दी गई है। सूत्र बताते हैं कि अमेरिका को दी जा रही खुफिया जानकारी साझा करने पर रोक लगा दी है। यूक्रेन को रूस के अंदर लक्ष्यों के बारे में दिए जा रहे डाटा को रोक दिया गया है। इससे यूक्रेन के लिए रूस में लंबी दूरी के ड्रोन हमलों को अंजाम देना कठिन होगा। उसे रूस के बम बरसाने वाली गतिविधियों और बैलास्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण की भी जानकारी नहीं मिल पाएगी। इससे यूक्रेन रूस के हमलों के खिलाफ अपनी रक्षा भी नहीं कर पाएगा। बताया जा रहा है कि अमेरिका के इस कदम से यूक्रेन को बड़ा झटका लगा है। इसके जरिये अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते को यूक्रेन पर दबाव बना रहा है। यह कदम व्हाइट हाउस में ट्रंप और जेलेंस्की की बहस को लेकर उठाया गया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि अगर जेलेंस्की शांति वार्ता पर आगे बढ़ते हैं तो सैन्य सहायता और सूचना देने पर लगे प्रतिबंध हटाए जा सकते हैं। सीआईए के निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने कहा कि यूक्रेन के एक सकारात्मक कदम से सैन्य और खुफिया मोर्चे पर लगी रुकावट दूर हो जाएगी। हम यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।

मौजूदा दौर में हर कोई गुस्से के मर्ज से परेशान है। कभी बॉस की फटकार से मूड खराब, तो कभी जूनियर्स के काम खराब करने पर गुस्सा और कभी प्रेमिका या पत्नी से लड़ाई। दिन भर में हम हर पल एसी स्थितियों का सामना करते हैं,जो हमारे गुस्से को भड़काने में घी का काम करती हैं।



# गुस्से को करें योग से छूमंतर

## पावर ऑफ योगा

श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत् में कहा है कि गुस्से से इंसान का विवेक खत्म हो जाता है। वह अच्छे-बुरे में फर्क नहीं कर पाता। दरअसल गुस्सा एक तरह का नकारात्मक सम्मोहन है,जिससे बुद्धि का नाश होता है और अंतत- यह इंसान को दिशाहीन कर देता है।

## नकारात्मक संवेग

इस धरती पर गुस्सा सबसे खतरनाक नकारात्मक संवेग है। वेदों के मुताबिक केवल यही वह संवेग है, जिस पर यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया जाए या इंसान की मन-स्थिति को जल्द न बदला जाए,तो यह उसके अस्तित्व के लिए खतरा बन सकता है,क्योंकि गुस्से से प्राण शक्ति और पुण्य नष्ट हो जाते हैं। गुस्स में व्यक्ति विवेकहीन होकर कई गलत काम कर बैठता है,उसके अच्छे कर्मो का क्षय होता है।

## गुस्से से ह्रदय रोग

विस्तृत शोधों के बाद चिकित्सा विज्ञान भी इस नतीजे पर पहुंचा है कि गुस्से से ह्रदय रोग और अकाल मौतहोने तक की आशंका बढ़ जाती है। इसकी वजह यह है कि क्रोध से हमारे शरीर में तनाव पैदा करने वाले हॉर्मोस बढ़ते हैं,जिससे खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के साथ ही और खतरनाक परिवर्तन भी हो सकते हैं। नतीजतन ह्रदय का पोषण करने वाली धमनियां ब्लॉक हो सकती हैं। क्रोधी व्यक्ति का स्वास्थ्य और हेल्थ हैबिट्स दोनों ही गड़बड़ होते हैं।

## फायदेमंद है योग

स्ट्रेस हॉर्मोन के बढ़ने से दूसरी असाध्य बीमारियां भी हो सकती हैं। खुशकिस्मती से हमारे यहां योग में क्रोध को शांत करने और उसका उपचार करने के कई तरीके हैं। यहां एक आसन का विवरण दिया जा रहा है,जो हमारे दिमाग के उस हिस्से पर सीधा सकारात्मक असर डालता है,जो क्रोध पैदा करने के लिए उत्तरदायी है। इस आसन के और भी बहुत से शारीरिक और मानसिक फायदे हैं।

## तकनीक

घुटनों को सीधा रखते हुए बिल्कुल सीधे खड़े हों। सीधे झुकते हुए एड़ी के पीछे पांवों के पास धरती पर अपनी हथेलियां टिकाएं। यदि आपकी हथेलियां धरती को नहीं छू पाती हैं तो घुटनों तक झुकें या घुटनों को सीधा रखें। अब सिर को ऊंचा करने की कोशिश करें और पीठ को खींचे। इसी स्थिति में रहते हुए सामान्य ढंग से सांस लें। पांच सैकंड या इससे कम समय के लिए इसी मुद्रा में रहें और फिर सांस खींचते हुए तड़ासन की स्थिति में आएं। इस तरह दो-तीन बार इसे दोहराएं।

## आसन के फायदे

यह आसन उनके लिए वरदान है,जिनका स्वभाव क्रोधी है या जो जल्द गुस्से में आ जाते हैं। यह ब्रेन सेल्स का तनाव दूर करते हैं,खासकर एमिगडाला का। इससे बहुत शान्ति मिलती है। यह लीवर, स्प्लीन और किडनी को भी स्वस्थ रखता है। इससे ब्लडप्रेशर और ह्रदय रोग से बचाव होता है।

## सर्वांगासन

इस आसन के जरिए आप अत्यधिक गुस्से को तो नियंत्रण में कर ही सकते हैं। साथ ही सिरदर्द,एनिमिया और अपच जैसी बीमारियों को दूर कर शरीर में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। अपने हाथ और पैर सीधे कर के जमीन पर लेट जाएं और गहरी सांस लेते हुए अपने दोनों पैरों को सीधे ऊपर की ओर उठाएं।

अपने हिप्स को ऊपर उठाते हुए पैरों को सीधा करे और बाद में सिर की ओर 45 डिग्री का कोण बनाने की कोशिश करें। सांस लेते हुए अपने दोनों हाथों से पीठ को सहारा दें। इस स्थिति में अंगूठे शरीर के अगले हिस्से और बाकी उंगलियां पीठ पर होनी चाहिए। पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। अपनी पीठ को बिल्कुल सीधा कर लें और अपनी ठोढ़ी को बिल्कुल गले के पास लगाएं। धीरे-धीरे सांस लें। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराते रहें। आसन के वक्त मन को पूरी तरह शांत रखें। जरूरत से ज्यादा आसन करने से बचें।

# सही आदत नो बीमारी

आज चार वर्ष के बच्चे को भी चश्मा पहने देख सकते हैं और अस्सी साल के वृद्ध को भी... दोनों को कोई अंतर नहीं है दस साल के बच्चे को भी शुगर की बीमारी है तो 30 साल के युवा को भी। एसे में यदि कहा जाए कि अत्याधुनिक लाइफ स्टाइल ही हमारी ज्यादा और नई बीमारियों का कारण है, तो गलत नहीं होगा। इसके लिए कुछ हद तक तो हमारा लाइफस्टाइल जिम्मेदार है तो कुछ हमारी अपनी आदतें भी जिम्मेदार हैं। जिन्हें अगर हम सुधार लें तो कई बीमारियों से बच सकते हैं।

बड़े-बुजुर्ग कह गए हैं, जैसा अन्न, वैसा मन। यह सौ फीसदी सही है। चूंकि नया लाइफस्टाइल अपनाने के चक्कर में सबसे पहले हम बदलते हैं डाइट। आजकल लोग दो मिनट में तैयार होने वाले फूड को प्रिफर करते हैं ताकि समय बचे जिसे वे और कहीं यूटिलाइज कर सकें। लेकिन अगर आपके पास स्वास्थ्य ही नहीं है तो फिर धन किस काम का। कहा भी गया है, पहला सुख निरोगी काया। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आप ताउम्र स्वस्थ रहें और किसी भी तरह की कोई बीमारी आपको न लगे तो सबसे पहले आप अपनी डाइट में सुधार करें और अपनी डाइट में हेल्दी और न्यूट्रीशियस खाद्य पदार्थों को शामिल करें।

## तनाव न बाबा न...

यह तो हम सब मानेंगे ही कि आजकल की हमारी जैसी जीवनशैली है उसमें आराम के पल कम और तनाव के पल ज्यादा मिलते हैं। जिसका सीधा सा असर हमारे शरीर पर पड़ता। जिस कारण कम उम्र में ही लोग ब्लड शुगर, हाईब्लड प्रेशर और न जाने कौन-कौन सी बीमारियों के घेरे में आ जाते हैं। इसलिए बीमारियों को कहना है गुडबाय तो पहले टेंशन को कहना होगा गुडबाय और स्माइल और खुशी को करना होगा वैलकम।

## व्यायाम है जरूरी

स्वस्थ रहने के लिए अन्य जो बातें महत्वपूर्ण हैं उसमें सबसे पहली बात है कि सिगरेट और शराब का सेवन बिल्कुल न करें। इसके अलावा नियमित रूप से चाहें आप किसी भी उम्र के क्यों न हों व्यायाम या योग करें। इससे एक तो आपकी अतिरिक्त चर्बी और कैलोरी कम होती है दूसरे आपका शरीर अंदर से स्वस्थ महसूस करता है। इसलिए हर रोज कम से कम आधा घंटा व्यायाम तो जरूर ही करें।



# अवचेतन का संदेश सुनें देह से करें दोस्ती

**मनुष्य की तीन अवस्थाएं होती हैं,एक है रोग, दूसरा है निरोग और तीसरा है नैरोग्य। नैरोग्य यानी वैलनेस। यह जो वैलनेस है उसकी अनुभूति हमसे बिछुड़ गई है, वह अनुभूति जो तब पैदा होती है जब देह और मन एक स्वर में गुनगुनाते हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने अब स्वीकार कर लिया है कि देह और मन के बीच एक गहरा संबंध होता है,वह एक इकाई है।**

तनाव भरे समय में ऐसा इंसान मिलना मुश्किल है जिसे कोई न कोई शारीरिक तकलीफ या कोई मानसिक उलझन न हो। लोगों को अक्सर यह महसूस होता है कि वैसे तो उन्हें अपने स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ नहीं दिखाई देती,लेकिन कुछ ऐसा भी है जो दुरूस्त नहीं लगता। कुछ बेचैनी सी,कुछ असंतुलन सा। मनुष्य की तीन अवस्थाएं होती हैं- एक है रोग,दूसरा है निरोग और तीसरा है नैरोग्य। नैरोग्य यानी वैलनेस। यह जो वैलनेस है उसकी अनुभूति हमसे बिछुड़ गई है,वह अनुभूति जो तब पैदा होती है जब देह और मन एक स्वर में गुनगुनाते हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने अब स्वीकार कर लिया है कि देह और मन के बीच एक गहरा संबंध होता है,वह एक इकाई है। लगभग आधी से अधिक शारीरिक व्याधियां मानसिक तनाव के कारण होती हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि हमें बौद्धिक समझ प्रदान करने वाले हमारे सचेत मन,यानी कॉशन्स माइंड की पतली सी परत हमारे समूचे अस्तित्व का सिर्फ दसवां हिस्सा होती है। जैसे किसी फल का छिलका होता है वैसे ही सचेत मन अवचेतन मन का एक छिलका भर होता है।

इसी छिलके को हम शिक्षित करते हैं, सभ्य, सुसंस्कृत बनाते हैं, नीति, धर्म इत्यादि सिखाते हैं लेकिन इस चेतन परत के मुकाबले मस्तिष्क की अवचेतन परतें अधिक महत्वपूर्ण हैं। अगर हमारा नाता अपने ही अवचेतन से टूट गया तो हमारा जीवन स्वस्थ और संतुलित नहीं रह पाता। जब भी आदमी किसी रोग से ग्रसित होता है तो उसकी जड़ें उसके गहन अवचेतन मन में होती हैं। कोई दबाया हुआ क्रोध या दुख या भय अंदर पड़ा-पड़ा नासूर बन जाता है और फिर वह कैंसर या अन्य किसी रोग के रूप में प्रगट होता है। वो रसायन शरीर के अंगों में प्रवेश कर उन अंगों को कमजोर बनाता है और धीरे-धीरे रोग उनमें घर बना लेता है।



## बॉडी-माइंड बैलेंसिंग

अवचेतन की इसी शक्ति को ध्यान में रख कर ओशो ने एक प्राचीन तिब्बती ध्यान पद्धति को पुनर्जीवित किया है। उसे नाम दिया है बॉडी-माइंड बैलेंसिंग,देह और मन का संतुलन। यह एक ऐसी निर्देशित ध्यान पद्धति है जिसके जरिए लोग अपने देह और मन का एक इकाई की तरह उपयोग करना सीखते हैं और स्वास्थ्य को अनुभव कर पाते हैं। ओशो ने कहा है कि एक बार आप शरीर से संवाद करना शुरू करते हैं तो चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। क्योंकि शरीर पर जबर्दस्ती नहीं की जा सकती, उसे प्रेम से फुसलाया जा सकता है।

## अवचेतन का संदेश सुनिए

टीवी और इलेक्ट्रानिक उपकरणों के कोहराम ने हमारी सुनने की नैसर्गिक क्षमताओं को कुंद कर दिया है और हम शरीर के मूक संदेशों को सुनना भूल ही गए हैं। यही कारण है कि अब देह आपका ध्यान खींचने के लिए और कठोर भाषा अपनाती है। आपको परेशान करने की कोशिश करती है। उसका संदेश बीमारियों के जरिए शरीर में नजर आने लगता है। जैसे सिरदर्द,बीच-बीच में टूटने वाली नींद,दुर्घटनाओं का आघात यानी ट्रॉमा,लाइलाज मर्ज,खासतौर से पीठ और पेट के रोग। सम्मोहन का नजरिया है कि कोई भी पीड़ा हो,वह एक संदेश है अवचेतन का। आपका अवचेतन आपसे कुछ कहना चाहता है,भागदौड़ छोड़कर जरा रूक जाएं और ध्यान दें। उसकी आवाज सुनें। उसे महसूस करें। यह ध्यान पद्धति सिखाती है कि देह की आवाज फिर कैसे सुननी शुरू की जाए और कैसे एक बार फिर पुरानी पीड़ाओं से छुटकारा पाया जाए।

## शरीर से दोस्ती करें

बॉडी माइंड बैलेंसिंग को किसी भी असंतुलन को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। भले ही वह वजन बढ़ने की समस्या हो,हाजमे की दिक्कतें हों (खासतौर से कब्ज की समस्या),तरह-तरह के दर्द हों,तनाव या बेचैनी हो। यहां तक कि इसके जरिए बुरी आदतों से छुटकारा पाया जा सकता है।

# बच्चों को बोतल न दें

नन्हा शिशु रोता है,तो काम में व्यस्त मां उसके मुंह में शहद की निप्पल,टीथर या दूध की बोतल मुंह में लगा देती है। बहुत कम पेरेन्ट्स को पता है कि ये पैसीफायर,टीथर और निप्पल शिशु की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं,क्योंकि इनमें खतरनाक और विषैले तत्व पाए गए हैं जैसे- लैड, कैडमियम, क्रोमियम आदि।

## हानिकारक हैं विषैले तत्त्व

सीईआरएस ने पैसीफायर्स,टीथर्स एवं निप्पल्स के नमूनों का परीक्षण किया। सभी में लैड,क्रोमियम और कैडमियम पाए गए। नवजात शिशुओं के खिलौनों में ?से विषैले तत्व की मौजूदगी स्वीकार्य नहीं,क्योंकि बच्चे इन्हें चूसते,चबाते रहते हैं और लार निगलते रहते हैं। ये पैसीफायर या टीथर शिशुओं के लिए बैक्टीरियल या फंगल इंफेक्शन का सबब बन सकते हैं। लैड की थोड़ी-सी मात्रा भी खतरनाक हो सकती है। कैडमियम एक नेफ्रोटॉक्सिन है,जो किडनी को क्षतिग्रस्त कर सकता है। इसके शरीर में जाने से पेट दर्द,जी मिचलाना और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। क्रोमियम इरीटेशन या दमा के दौर का सबब बन सकता है।


## बदलें मापदंड

बीआईएस को भी अपने मापदंड बदलने चाहिए और विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए बनाए गए खिलौनों जैसे टीथर,पैसीफायर एवं निप्पल्स के लिए अलग स्टैंडर्ड तय करने चाहिए।

## क्या है समाधान

शिशु को एक बड़ा गाजर,खीरा या मूली उनकी ऊपरी सतह को साफ करके,साफ पानी से धोकर दे दिया जाए। शिशु को दूध पिलाने के लिए बोतल का इस्तेमाल न करना बेहतर होगा। ये आसानी से गंदे और बैक्टीरिया युक्त हो जाते हैं।





# आर माधवन ने इंस्टाग्राम पर चैट करने की खबरों पर तोड़ी चुप्पी

आर माधवन फिल्मों में अपनी दमदार भूमिकाओं के लिए मशहूर हैं। अब उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर फैली गलतफहमियों को दूर किया, जिसमें कुछ लोगों का मानना था कि वह युवा लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं। अभिनेता इन अफवाहों का खंडन करने और स्थिति को साफ करने के लिए आगे आए और इस मामले में अपनी बात सामने रखी। चेन्नई में एक एप के लॉन्च के दौरान आर माधवन ने सोशल मीडिया पर अपने साथ होने वाली बेवजह जांच के बारे में बात की। वह इस एप में निवेशक के तौर पर शामिल हुए हैं। उनके भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। सोशल मीडिया पर आने वाली चुनौतियों के बारे में बताते हुए माधवन ने एक उदाहरण साझा किया और कहा, एक युवा लड़की ने मुझे संदेश भेजा, मैंने यह फिल्म देखी। मुझे यह बहुत पसंद आई। मुझे लगा कि आप एक शानदार अभिनेता हैं, बहुत बढ़िया। आपने मुझे प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने दिल, किस और लव इमोजी भेजे।

### अभिनेता ने क्यों किया फैन को रिप्लाई?

आर माधवन ने आगे कहा कि अब, जब कोई प्रशंसक मुझसे इतने विस्तार और प्यार से बात करता है तो मैं जवाब देने के लिए मजबूर महसूस करता हूं। मैं आमतौर पर जवाब देता हूं और मैंने ऐसा ही किया। मैंने उन्हें जवाब दिया और लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद, आप बहुत दयालु हैं। भगवान आपका भला करे। हालांकि, लड़की ने तब मेरे रिप्लाई का स्क्रीनशॉट लिया और इसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया।

माधवन को करना पड़ा समस्या का सामना
अब लोग क्या देखते हैं? दिल, चुंबन और प्यार भरी बातें और मैडी ने इसका जवाब दिया है। मेरा इरादा उस पर जवाब देने का नहीं था। मेरा इरादा उसके संदेश का जवाब देने का था, लेकिन यह एक छोटी सी बात है, आप केवल उस प्रतीक को देखते हैं और कहते हैं ओह मैडी छोटी लड़कियों से बात कर रहा है। अगर मुझे यही डर है और मुझे हर बार सोशल मीडिया पर संदेश डालते समय इधर-उधर भागना पड़ता है तो क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि अगर मुझे मेरे अनुभव के साथ इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो किसी दूसरे व्यक्ति को कितनी समस्या होगी?



# इन अभिनेत्रियों के किरदार निभाना चाहती हैं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे ने अपनी कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। हाल ही में अनन्या ने खुलासा किया कि वह करीना कपूर खान के किरदार पू और गीत को निभाना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि वह करीना द्वारा निभाए गए किरदारों में से कुछ भी नहीं कर पाएंगी। अनन्या ने ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण की भूमिका का भी नाम लिया। हाल ही में वोग इंडिया को दिए गए इंटरव्यू में अनन्या की फिल्म कॉल मी बे के डायरेक्टर कॉलिन डीकुन्हा ने जब उनसे पूछा कि वह कौन से किरदार निभाना चाहेंगी। जवाब में अनन्या ने करीना कपूर खान की फिल्म कभी खुशी कभी गम की पू और जब वी मेट की गीत का नाम लिया, जो उनके दिल के सबसे करीब हैं।

अनन्या ने कहा, मैं शायद करीना द्वारा किए गए काम का 0.1 प्रतिशत भी नहीं दे पाऊंगी, लेकिन वे बहुत मजेदार होंगे। अनन्या ने आगे कहा की वह चमेली में करीना की भूमिका, लक बाय चांस में कोंकणा सेन शर्मा और ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण के किरदार को निभाने की चाहत रखती हैं। इसी इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे की फिल्म गहराइयां के निर्देशक शकुन बत्रा ने उनसे उनके ड्रीम रोल के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह बायोपिक करना पसंद करेंगी। उन्होंने बताया कि उन्हें द क्राउन और स्पेंसर में प्रिंसेस डायना के किरदार देखने में मजा आया। अनन्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगी, लेकिन मुझे मधुबाला, मीना कुमारी और वहीदा रहमान जैसी 50 और 60 के दशक की मशहूर अभिनेत्रियों का किरदार निभाना की इच्छा है। काम की बात करें तो अनन्या पांडे कथित तौर पर केसरी चैप्टर 2- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर माधवन भी नजर आएं।



आलिया भट्ट वाईआरएफ की स्पाईवर्स की पहली महिला प्रधान फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। आलिया के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। दोनों कलाकार अपनी भूमिकाओं में पूरी तरह से फिट होने के लिए अपने वर्कआउट सेशन में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। घोषणा के बाद से निर्माताओं ने फिल्म के बारे में बहुत कम अपडेट ही प्रशंसकों के साथ साझा किए हैं।

# आलिया भट्ट ने फिल्म अल्फा के बारे में साझा किया अपडेट

आलिया ने हाल ही में अपने प्रशंसकों के लिए एक मीट-एंड-ग्रीट सेशन आयोजित किया, जहां उन्होंने उन्हें अल्फा के बारे में बताया। एक इंटरैक्टिव सेशन के दौरान एक प्रशंसक ने आलिया से पूछा कि वह किस किरदार को एक दिन के लिए जीना पसंद करेंगी। बिना ज्यादा सोचे-समझे उन्होंने तुरंत जवाब दिया, सबसे अच्छा हमेशा अगला होता है। इस जवाब के साथ आलिया ने अपनी अगली फिल्म अल्फा में उनकी बहुप्रतीक्षित भूमिका की ओर इशारा किया। रिपोर्ट के अनुसार, आलिया ने अपने किरदार के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली है। आलिया ने बीते साल 5 जुलाई को अल्फा की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म में उन्हें पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में दिखाया जाएगा। सुपर एजेंट की भूमिका निभाने के लिए उन्होंने खुद को तैयार करने के लिए लगभग चार महीने तक ट्रेनिंग ली है। फिल्म में उनके पांच से छह एक्शन सीक्वेंस हैं और उन्हें सबसे फिट रहने की जरूरत है।

### अल्फा की घोषणा

आलिया और शरवरी ने एक पोस्ट के साथ 2024 में अल्फा की घोषणा की थी। बैकग्राउंड ऑडियो में आलिया कह रही थीं, ग्रीक वर्णमाला का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का आदर्श वाक्य.. सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर। ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और जंगल में हमेशा राज करेगा..अल्फा। फिल्म का निर्देशन शिव रवैल ने किया है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग कश्मीर में हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ऋतिक रोशन और बॉबी देओल फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगे।



# सामंथा ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 15 साल

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने फिल्मी दुनिया में15 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एक खास कार्यक्रम में सामंथा रुथ प्रभ को सम्मानित किया गया। यह लम्हा प्यार, पुरानी यादों और प्रशंसकों के उत्साह से भरा हुआ था। जब उन्होंने अवॉर्ड हासिल किया तब वह उत्साहित लग रही थीं।

### सामंथा को अवॉर्ड

सामंथा के फिल्मी दुनिया में 15 साल पूरे होने पर उन्हें एमसीआर ग्रुप ऑफ कंपनीज की तरफ से सम्मानित किया गया। सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, इसमें उन्होंने लिखा कि 15 साल। महान। सौभाग्यपूर्ण। प्यारे। बहुत कुछ आना बाकी है। धन्यवाद चेन्नई। सम्मान के लिए शुक्रिया।

### वरुण धवन के साथ किया काम

सामंथा ने अवॉर्ड की जगह से साड़ी में अपनी कई फोचो शेयर की हैं। सामंथा ने अपने लुक को गोल्डन साड़ी और गहनों से पूरा किया था। सामंथा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार सिटाडेल हनी बनी में नजर आई थीं। उनके साथ वरुण धवन ने काम किया है। सामंथा ने साल 2010 में तेलुगू फिल्म ये माया चेसावे से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म में सर्वश्रेठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला।

### तमिल तेलुगू में मिल चुका है अवॉर्ड

उन्हें साल 2012 में नीथाने एन पोनवसंथम तमिल फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला। इसके साथ इसी साल में उन्हें तेलुगू फिल्म ईगा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में दीं। उन्होंने अत्तरीनतिकी दरेदी (2013), कत्थी (2024), थेरी (2016), 24 (2016), मेरसल (2017) साल 2012 में सामंथा हिंदी फिल्म एक दीवाना था में नजर आईं।

# अंजलि आनंद ने फिल्म इंडस्ट्री के भेदभाव पर बात की, 'डब्बा कार्टेल' में शबाना आजमी संग की एक्टिंग



अंजलि आनंद ने टीवी सीरियल, फिल्म और वेब सीरीज जैसे सभी मीडियम में काम किया है। अलग-अलग किरदार और जॉनर के प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं। लेकिन उनकी एक्टिंग को सराहने की बजाय उनको बस एक प्लस साइज एक्ट्रेस के तौर पर ही पहचाना जा रहा है। ऐसे में अंजलि का कहना है कि ऐसा सिर्फ फीमेल एक्ट्रेस के साथ होता है, हीरो या मेल एक्टर्स के साथ ऐसी सिचुएशन क्रिएट नहीं होती है।

### एक्टर्स को कोई प्लस साइज नहीं बोलता

हाल ही में फीवर एफएम को दिए गए हालिया इंटरव्यू में अंजलि आनंद बताती हैं कि कभी किसी ने गोविंदा को, ऋषि कपूर जी को नहीं कहा कि वे प्लस साइज एक्टर हैं। लेकिन एक महिला कलाकार को आसानी से प्लस साइज एक्ट्रेस कहा जाता है। मुझे भी अंजलि आनंद प्लस साइज एक्ट्रेस के तौर पर भी जाना जाता है।' इस बात के जरिए अंजलि ने इंडस्ट्री के भेदभाव वाले व्यवहार से परदा उठाया है। अंजलि आनंद एक उम्दा एक्ट्रेस हैं, उन्हें वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में शबाना आजमी, ज्योतिका, शालिनी पांडे और निमिषा सजयन जैसी एक्ट्रेस के साथ काम करने का मौका मिला है।

### डब्बा कार्टेल में अंजलि का रोल

डब्बा कार्टेल की स्टोरी ऐसी महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक ड्रग माफिया चला रही होती हैं, लेकिन आम लोग उन्हें सिर्फ टिफिन सर्विस देने वाली महिलाएं समझते हैं। शो का हल्का-फुल्का अंदाज तो दिखाई देता है, लेकिन इसमें दिखाया गए अपराध और माफिया की दुनिया रोचक है। इस वेब सीरीज में अंजलि ने भी एक आम सी दिखने वाली महिला का रोल किया है, लेकिन वह भी ड्रग माफिया का हिस्सा हैं।



# इसलिए शाहिद को नहीं मिली थी एनिमल, निर्देशक संदीप ने की तारीफ

फिल्म निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी फिल्म एनिमल के बारे में बताया है कि उन्होंने इस फिल्म में शाहिद कपूर के बजाए रणबीर कपूर को क्यों लिया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि शाहिद ने कबीर सिंह में बेहतरीन प्रदर्शन किया था लेकिन वह एनिमल के लिए रणबीर के साथ अलग काम करना चाहते थे।

### इसलिए संदीप ने शाहिद के बजाए रणबीर को चुना

गेम चेंजर्स के साथ बातचीत में संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि शाहिद का नाम उनके पास नहीं आया। क्योंकि एनिमल एक भावनात्म कहानी थी इसलिए उनके दिमाग में रणबीर कपूर का नाम आया। इसी इंटरव्यू में संदीप रेड्डी ने कबीर सिंह में बेहतरीन काम करने के लिए उनकी तारीफ की। उन्होंने बताया कि उनके साथ काम करने पर उन्हें तजुर्बा मिला। उन्होंने कहा कि शाहिद रीमेक में काम करने के लिए बहुत इच्छुक थे। चूंकि कबीर सिंह एक रीमेक फिल्म थी, इसलिए इस पर कम चर्चा हुई।

### मौलिक अभिनेता हैं शाहिद कपूर

संदीप ने शाहिद के बारे में बताया कि वह एक मौलिक अभिनेता हैं इसलिए उन्हें रीमेक फिल्मों में काम नहीं करना चाहिए। शाहिद के साथ काम करने को लेकर संदीप ने कहा, हमने एक सीन को 90 मिनट में पूरा कर लिया जो स्क्रिप्ट में नहीं था और हमने इसे शूट करने की योजना नहीं बनाई थी, लेकिन जब लाइट शिफ्ट हुई, तो शाहिद से मैंने पूछा कि इसमें कितना वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि एक घंटा, तो मैंने कहा, शाहिद, एक घंटा क्यों बर्बाद कर रहे हो? चलो इसे शूट करते हैं। इसके बाद शाहिद ने इसे बिना वक्त गंवाए शूट कर दिया। तभी मुझे एहसास हुआ कि शाहिद जैसे अभिनेता को रीमेक नहीं करना चाहिए- वह मौलिक अभिनेता हैं। मैंने उन्हें कई बार यह बात बताई।

कबीर सिंह विजय देवरकोंडा और शालिनी पांडे की तेलुगु ब्लॉकबस्टर अर्जुन रेड्डी की हिंदी रीमेक थी। 2019 की कबीर सिंह में शाहिद कपूर ने कियारा आडवाणी के साथ सह-अभिनय किया। संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म एनिमल का भी निर्देशन किया है।



# दीपिका कक्कड़ ने बीच में छोड़ा 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ', सोशल मीडिया पर हो रही हैं ट्रोल?

एक लंबे गैप के बाद टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने छोटे पर्दे पर वापसी की। वह कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में नजर आईं, अपने कुकिंग का टैलेंट भी दर्शकों को दिखाया। लेकिन अचानक कुछ दिन पहले ही दीपिका कक्कड़ ने कुकिंग रियालिटी शो छोड़ दिया। शो छोड़ने का जो कारण दीपिका ने बताया है, उस पर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स को भरोसा नहीं है। वह दीपिका को झूठ बोलकर शो छोड़ने के लिए ट्रोल कर रहे हैं। पिछले दिनों टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने यह कहकर 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' शो बीच में छोड़ दिया कि उनके हाथों में काफी दर्द है और वह शो में आगे हिस्सा नहीं ले सकती हैं। शो से बाहर आने के बाद दीपिका अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ वैकेशन पर भी निकल गईं। साथ ही वह अपने बच्चे की भी अच्छी केयर करती दिखीं। ये सभी वीडियो सोशल मीडिया पर भी पोस्ट हुए। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स ने दीपिका को ट्रोल किया कि वह झूठ बोलकर शो से बाहर आई हैं। वह आसानी से हाथों में कैमरा उठा रही हैं और व्लॉगिंग कर रही हैं।



# सांसद ने शुगरक्रीट से बने क्लासरूम का किया उद्घाटन

## पंचशील बालक इंटर कॉलेज में किय गया इकोफ्रेन्डली क्लासरूम का निर्माण






**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने पंचशील बालक इंटर कॉलेज सैक्टर-91 नोएडा में शुगरक्रीट (गन्ने के कचरे) से बने ईको-फ्रेंडली क्लासरूम का उद्घाटन किया।

शुगरक्रीट निर्माण तकनीक को भारत में केमिकल सिस्टम टेक्नोलॉजी ने यूनिवसिर्टी ऑफ ईस्ट लंदन के संस्टेन्बलिटी रिसर्च इन्स्टीच्यूट के सहयोग से लाया गया है।

शुगरक्रीट के सह-निर्माता और यू.ई.एल. संस्टेन्बलिटी रिसर्च इन्स्टीच्यूट के एसोसिएट एलेन चांडलर ने इस परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल दर्शाती है कि शुगरक्रीट कैसे समुदायों को स्थायी निर्माण विधियों में स्थानांतरित करने में मदद कर सकता है।

सांसद डा. महेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि जब मैं पर्यावरण मंत्री के पद पर कार्यरत था तो वह अपने संस्टेनेबल पर्यावरण के प्रति सत्त भविष्य के निर्माण के दिशा में अग्रसर रहे और आज भी यह पहल से मुझे प्रसन्नता महसूस होती है जो कि प्रदूषण प्रभाव को कम करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मिट्टी की ईंटों के निर्माण के लिए जीवाश्म ईंधन जलाना पड़ता है, जिससे हजारों टन कार्बन डाई ऑक्साई उत्सर्जित होती है, जो ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देती है। ईंट भट्ठियों से निकलने वाला वायु प्रदूषण स्थानीय एवं शहरी समुदायों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। ईंट बनाने में उपयोग की जाने वाली मिट्टी उपजाऊ टॉपसवाइल से ली जाती है, जिससे फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और किसान प्रभावित होते हैं।

शुगरक्रीट ब्लाक्स गन्ने से प्राप्त बगास (जिसे हिंदी में खोई कहा जाता है) और प्राकृतिक रूप से उपलब्ध खनिज बाइंडर्स से बनाए जाते हैं। ये पारंपरिक ईंटों की तुलना में कई मायनों में बेहतर शुगरक्रीट का कार्बन फुटप्रिंट नकारात्मक है, यह किफायती, हल्का, बेहतर इंसुलेशन वाला और सबसे महत्वपूर्ण, पर्यावरण व समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाला है। यह रोजगार सृजन में सहायक होने के साथ-साथ टॉपस्वाइल कटाव को भी रोकता है। भारत हर साल 400 मिलियन टन से अधिक गन्ने का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा बायोमास उत्पादक देशों में से एक बन जाता है।

कार्यक्रम के दौरान केशव वर्मा चेयरमैन हाईपावर कमेटी, सुनील सिंघल अध्यक्ष केमिकल सिस्टम टेक्नोलॉजी, आर मोर प्रोजेक्ट डायरेक्टर यूनिवर्सिटी लंदन, विभूति झा डिविजन हेड बायोइनर्जी, मनोज अवस्थी,मनोज टंडन प्रधानाचार्य, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, रोहित कुमार, आर्किटेक्चर यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के छात्र एवं वरिष्ठ गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# जनजातीय समाज के सर्वांगीण उत्थान को सरकार गंभीर : नित्यानंद राय

## 16वां जनजातीय युवा आदान-प्रदान संवाद हुआ सम्पन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केन्द्र गौतमबुद्धनगर और गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 16वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बीएसएफ के अश्वनी संस्थान प्रांगण में एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के 220 जनजातीय युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जनजातीय युवाओं से आत्मीय चर्चा की, उनके अनुभवों को जाना और सरकार द्वारा जनजातीय समाज के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जनजातीय समाज के उत्थान के लिए शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि जनजातीय युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'विकसित भारत' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।




कार्यक्रम में गृह सचिव गोविंद मोहन, संयुक्त सचिव राजीव कुमार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव नीतीश कुमार मिश्र, नेहरू युवा केन्द्र संगठन के संयुक्त निदेशक आर एन त्यागी, नेहरू युवा केन्द्र संगठन उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया, नेहरू युवा केन्द्र बागपत के उपनिदेशक अरुण कुमार तिवारी, गौतमबुद्धनगर की जिला युवा अधिकारी स्निग्धा सिंह, बुलंदशहर के जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। युवाओं ने इस संवाद को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक अनुभव बताया।

# सेक्टर-33 पहुंची 'नोएडा आपके द्वार' की टीम

## आरडब्ल्यूए ने रखी 22 प्रमुख समस्याएं, समाधान का आश्वासन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नौएडा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा 'नौएडा आपके द्वार' कार्यक्रम के अन्तर्गत सैक्टर की समस्याओं के निराकरण के दृष्टिगत सैक्टर-33 आर0डब्लू0ए0 के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान वरिष्ठ प्रबन्धक (वर्क सर्किल-5). प्रबन्धक (वर्क सर्किल-5), प्रबन्धक (वि0/ यां0-3), स्वास्थ्य निरीक्षक (जन स्वास्थ्य-1), उद्यान निरीक्षक (उद्यान-2) तथा सम्बंधित स्टाफ उपस्थित थे। आयोजित बैठक के दौरान सैक्टर-33 आर0डब्लू0ए0 के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी तथा अन्य सैक्टरवासी भी उपस्थित थे।




इस दौरान आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण अधिकारियों के समक्ष 22 प्रमुख समस्याएं रखीं। जिसमें सिविल की 8, उद्यान की 4, नोएडा ट्रैफिक सेल की 3, विद्युत यांत्रिकी की 3, जल/सीवर की 3 तथा जनस्वास्थ्य विभाग की 2 समस्याएं शामिल थीं। अफसरों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का समाधान करा दिया जाएगा।

# ई-लॉटरी के जरिए देशी मदिरा, मॉडल शॉप एवं भांग की दुकानों का हुआ आवंटन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति उत्तर प्रदेश मुकेश मेश्राम एवं जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में वर्ष 2025-26 हेतु आबकारी दुकानों का प्रथम चरण का आवंटन सकुशल सम्पन्न हुआ। जिला अधिकारी द्वारा प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति उत्तर प्रदेश मुकेश मेश्राम को पुष्प गुच्छ देकर ई-लॉटरी का शुभारम्भ किया गया। आबकारी विभाग की नवसृजित देशी मदिरा, मॉडल शॉप, कम्पोजिट एवं भांग की दुकानों का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ऑनलाइन ई-लॉटरी के द्वारा आवंटन किया गया।






जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2025-26 हेतू ई लॉटरी के माध्यम के आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन (प्रथम चरण) के अंतर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में देशी मदिरा के 234 दुकानों पर आए कुल 6300 आवेदनों, कंपोजिट शॉप की 239 दुकानों पर 11218 आवेदनों,मॉडल शॉप की 27 दुकानों पर 689 दुकानों व भांग शॉप के 01दुकान पर कुल 22 आवेदनों,कुल 501 दुकानों पर 18229 आवेदनों का व्यवस्थापन आज दिनाँक 06/03/2025 को अपराह्न 4 बजे के स्लॉट में सम्पन्न हुआ। ई-लॉटरी के माध्यम से दुकानों का व्यवस्थापन कलेक्ट्रेट परिसर सूरजपुर में ई-लॉटरी हेतु नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति उत्तर प्रदेश मुकेश मेश्राम के निर्देशन में व ई-लॉटरी हेतु गठित समिति जिसके अध्यक्ष जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर और सदस्यगण, डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी, सहायक पुलिस आयुक्त संजीव विश्नोई, सहायक आबकारी आयुक्त मोहन मिकिन्स, बख्तावर हनीफ, जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर सुबोध कुमार की उपस्थिति में सभी दुकानों का व्यवस्थापन सम्पन्न हुआ।

# प्रोडक्ट को सोशल मीडिया पर प्रचारित करने के नाम पर फ्रॉड

## सेक्टर-63 में पकड़ा गया फर्जी कॉल सेंटर, 13 गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने प्रोडक्ट का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रचार-प्रसार कराने व विभिन्न राज्यों में डिस्ट्रीब्यूटर उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। इस फर्जी कॉल सेंटर से 13 लोगों को गिरफ्तारर किया गया है जिनमें 10 पुरुष एवं 3 महिलाएं शामिल हैं। इनके कब्जे से 10 लैपटॉप, 10 मोबाइल व अन्य उपकरण व दस्तावेज बरामद हुए हैं। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। यह कॉल सेंटर देश के दूर-दराज के राज्यों में कस्टमर्स फंसाते थे। यहां से कस्टमर को मैसेज करके उनके प्रोडक्ट को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचारित करने तथा डिस्टीब्यूटर्स उपलब्ध कराने का झांसा दिया जाता था। कस्टमर्स से यह जालसाज 3 से 4 लाख रूपये ठग लेते थे।



उन्होंने बताया कि जम्मू के एक पीड़ित ने इस मामले में नोएडा पुलिस को शिकायत की थी। इस कस्टमर्स से जालसाजों ने 4 लाख 82 हजार रूपये की ठगी की थी। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि फर्जीकॉल सेंटर चलाने वाले 3 से 4 महीने में अपना ऑफिस बदल लेते थे। इनके खिलाफ नोएडा पुलिस को 10 से 12 शिकायतें मिली थीं। इस फर्जी कॉल सेंटर में महिलाएं, टीम लीडर व फ्रेशर्स को ट्रेंड करने के लिए रखी गयी थीं। पुलिस ने इस कॉल सेंटर के एकाउंट सीज करने की प्रकिया शुरू कर दी और इनके अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# नशीला पदार्थ पिलाकर सवारियों को था लूटता, मुठभेड़ में घायल

**नोएडा (चेतना मंच)।** चेकिंग के दौरान थाना सेक्टर-39 नोएडा पुलिस व नशीला पदार्थ पिलाकर लूट करने वाले बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन व 15 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त कार व अवैध हथियार बरामद हुआ है।

थाना सेक्टर-39 पुलिस द्वारा सेक्टर-41 पुलिस चौकी के सामने चेकिंग की जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि गाड़ी में सवारियों को लिफ्ट देकर नशीला प्रदार्थ खिलाकर लूटने वाले गिरोह के कुछ बदमाश सेक्टर-49 की तरफ से सेक्टर-37 की तरफ अर्टिगा कार से आने वाले है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा RCUBE MONAND MALL पर बैरियर लगाकर चैकिंग की जाने लगी तभी सेक्टर-49 की तरफ से एक सफेद रंग की अर्टिगा कार आती दिखायी दी, पुलिस टीम द्वारा गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया परन्तु नही रूकी और RCUBE MONAND MALL कट से सेक्टर-45 की तरफ भागने लगे।




पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर गाडी सवार बदमाशों द्वारा सेक्टर-42 के जंगल की तरफ गाड़ी को मोड दिया गया। बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए गाडी को जंगल में छोडकर झाड़ियों की तरफ पैदल भागने लगे। पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने के कारण घायल हो गया जिसकी पहचान शिव कुमार उर्फ चिन्टु उर्फ शिवम कुमार पुत्र भीष्मपाल उर्फ रामबाबू निवासी ग्राम सभापुर, थाना निधौली, जनपद एटा (35 वर्ष) के रूप में हुई है। इसका एक साथी मौके से भाग निकला। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ एटा जिले में कई मामले दर्ज हैं।

